52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.8 °c
अधिकतम 26.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:55 सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 331 शनिवार, 30 नवम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

अगर हम जिन्दगी में कमजोर बनके रहेंगे तो कठिनाइयाँ सबसे पहले हमारे ऊपर ही आक्रमण करेंगी

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कठोर फैसले लेने होंगे, पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती : खड़गे



नये ढर्रे की राजनीति के लिए एक ही कठोर फैसला है... जो आप नहीं ले सकेंगे.....

# चेयरमैन और ईओ बाहर, घरों में लगा कूड़े का अम्बार

**▸ गलियों में गूंजने वाली कूड़े वाला आया घर से कूड़ा निकाल की आवाज हुई खामोश ▸ वेतन को लेकर चार दिन से हड़ताल कर रहे कर्मचारियों का पालिका में विरोध प्रदर्शन ▸ दो महीनों से कर्मियों को वेतन ना मिलने पर नगर मजिस्ट्रेट ने कंपनी अफसर किए तलब**

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** नगर क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लगी एमआईटूसी कंपनी कर्मियों की हड़ताल के चलते गलियों में गूंजने वाली कूड़े वाला आया घर से कूड़ा निकाल की धुन खामोश है। घरों से कूड़ा उठान ना होने के कारण वहां लगे कूड़े के ढेरों के साथ दुर्गंध और बीमारी फैलने के खतरे से लोग जूझ रहे हैं। कंपनी के सफाई कर्मचारियों की सेटिंग या दहशत इतनी है कि तमाम मुहल्लों में पहले निजी तौर पर कूड़ा उठाने वाले या तो पहले ही वहां जाना छोड़ चुके हैं, जहां जा भी रहे हैं वहां अब हड़तालियों के साथ ताल मिलाते हुए कूड़ा उठाने नहीं जा रहे हैं। पालिका में चेयरमैन और ईओ दोनों के बाहर होने के कारण कुव्यवस्था का राज है और इसका दंड शहर की जनता भुगत रही है।

दो माह से वेतन ना मिल पाने के कारण एमआईटूसी कंपनी के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए वार्डों में काम कर रहे करीब 300 कर्मियों की बीते चार दिनों से जारी हड़ताल का कोई समाधान न होने से नगर की सड़कों के बाद अब घरों में भी कूड़े के ढेर लगने लगे हैं। शहर गंदगी से सड़ रहा है और पालिका के चेयरमैन और ईओ के बाहर होने के कारण वहां इस समस्या का समाधान करने वाला कोई नहीं है। कंपनी के कूड़ा वाहन पहुंचने के बाद पहले से मुहल्लों में निजी तौर पर ठेलियों से कूड़ा उठाने की व्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो चुकी है। जहां ऐसे सफाईकर्मी जाते भी थे, वहां किसी ना किसी बहाने से कूड़ा उठाने के लिए निजी कर्मचारी भी अधिकांश इलाकों में नहीं जा रहे हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों और सफाई कर्मियों के मुहल्लों और घरों तक नहीं पहुंचने के कारण घरों में कूड़े के ढेर ऊंचे होते जा रहे हैं और उनकी दुर्गंध व बीमारी फैलाने की आशंका को लेकर परेशान हैं। कंपनी अफसर हड़ताल समाप्त होने के दावे कर रहे हैं और उनका कहना है कि 55 वार्डों में अस्सी से ज्यादा टिपर वाहनों में पंद्रह वाहन कूड़ा उठाने के लिए निकाले गए हैं। हालांकि यह भी हवाई साबित हो रहा है। तमाम मुहल्लों में आज भी कूड़ा उठाने वाले वाहन नहीं पहुंचने के कारण घरों से गंदगी बाहर निकालने का काम ठप्प रहा। दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटी प्रा. लि. के अधिकारियों के हड़ताल खत्म होने के दावों के बावजूद शुक्रवार को भी हड़ताल जारी रही और वाहन नहीं चले। इसके साथ ही उन्होंने टाउनहाल पहुंचकर प्रदर्शन किया तो वहीं कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में कंपनी से 2 माह का शेष वेतन दिलाने की मांग की। याद रहे कि नगरपालिका परिषद् ने शहर को गंदगी मुक्त बनाने के लिए दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटी प्रा. लि. को शहर के 55 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और डलावघरों से कूड़ा निस्तारण के लिए ठेका दिया था। अनुबंध के तहत नगर पालिका इसके लिए कंपनी को 92 लाख रुपये प्रतिमाह भुगतान कर रही है और कंपनी को यूजर चार्ज एकत्र करते हुए पालिका में जमा कराना था, लेकिन कंपनी ने यूजर चार्ज के लिए 20 लाख का भुगतान करने को जो चैक पालिका में दिया, वो बाउंस हो जाने के कारण पालिका ने कंपनी को भुगतान रोक दिया। कंपनी ने भी अपने कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं दिया। इसके चलते कंपनी पर प्राइमरी सैक्शन में डोर टू डोर कूड़ा कलैक्शन करने वाले करीब 300 कर्मियों का 2 माह का वेतन लम्बित है। इसके लिए चार दिन पूर्व कर्मचारियों ने गारबेज टिपर वाहनों का चक्का जाम करते हुए कामबंद हड़ताल कर दी थी। चौथे दिन भी हड़ताल जारी रही और कर्मियों ने टाउनहाल में पहुंचकर कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पालिका प्रशासन से हस्तक्षेप कर वेतन दिलाने की मांग की। वहां पर ईओ और नगर स्वास्थ्य अधिकारी के न मिलने के कारण कर्मचारी जुलूस के रूप में डीएम कार्यालय पहुंचे और डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को सौंपे ज्ञापन में दो माह का वेतन दिलाने की मांग की। उन्होंने वेतन मिलने से पूर्व काम पर लौटने से इंकार कर दिया। इस बीच कर्मचारियों ने कंपनी पर अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की।



### नगर मजिस्ट्रेट ने कम्पनी अधिकारियों को किया तलब

**मुजफ्फरनगर।** कूड़ा उठान कार्य ठप्प रहने को लेकर नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने शनिवार को एमआईटूसी कंपनी के अधिकारियों को तलब किया है, ताकि हड़ताल समाप्ति का कोई रास्ता निकल सके। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि नगरपालिका के साथ अनुबंध पर काम कर रही एमआईटूसी कंपनी के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कर्मियों का 2 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण गतिरोध के चलते कर्मियों ने हड़ताल कर रखी है। कंपनी का पालिका से जो अनुबंध हुआ है, उसकी शर्तों का पालन नहीं करने का आरोप है। इसमें वेतन देना पालिका की नहीं, कंपनी की जिम्मेदारी है। हमने वेतन दिलाने का भरोसा देकर कर्मियों को काम पर लौटने के लिए कहा है। वहीं कंपनी के अधिकारियों को कार्यालय बुलाया गया है। कंपनी के साथ पालिका के लोगों से वार्ता कर स्थिति की जानकारी की जायेगी। दूसरी ओर कंपनी के सेकेंड्री प्वाइंट इंचार्ज कुलदीप सिंह ने बताया कि पालिका से भुगतान नहीं होने के कारण आर्थिक संकट खड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि बीते दिवस शुक्रवार को 15 टिपर वाहनों को वार्डों में निकाला गया है। कर्मचारियों से वार्ता जारी है।

## घर में अकेली पाकर दो युवकों ने किया गैंगरेप

**बुढ़ाना, 29 नवम्बर (बु.)।** गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने नाबालिग किशोरी को अकेला पाकर दबोच लिया और उसके साथ बारी-बारी से दुराचार किया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार एक ग्रामीण ने शुक्रवार को बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसके भाई की मृत्यु करीब 5 वर्ष पूर्व हो गयी थी। भाई की मृत्यु के बाद परिवार की जिम्मेदारी उसके द्वारा निभाई जा रही है। बीते 25 नवम्बर को उसके रिलेशन में किसी की मौत हो जाने पर वो अपनी भाभी को लेकर रिश्तेदारी में गया हुआ था। घर पर उसकी नाबालिग भतीजी अकेली थी। तब गांव के ही रिहान पुत्र इन्तजार और बिलाल पुत्र खालिद ने उसकी भतीजी को अकेला पाकर मकान में घुसकर उसकी भतीजी से बारी-बारी से बलात्कार किया। जब वह रिस्तेदारी से घर वापिस आया, तो उसकी 13 साल की भतीजी ने रोते हुए उसको घटना की जानकारी दी और कहा कि वे दोनों पुलिस में बताने पर उसकी हत्या कर देंगे। पीड़िता आज अपने परिजनों के साथ बुढ़ाना कोतवाली आई और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने किशोरी की डॉक्टरी कराकर तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। दोनों आरोपी फिलहाल फरार ही बताए जा रहे हैं।



## मिथलेश पाल समेत नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

**लखनऊ, 29 नवंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में जीते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों व उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की मीरापुर से नवनिर्वाचित विधायक मिथलेश पाल ने शुक्रवार को विधानभवन के प्रांगढ़ में पद और गोपनीयता की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया। जिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली उनमें कुंदरकी से रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र सिंह, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और मीरापुर से रालोद की मिथलेश पाल शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। सभी ने एक स्वर में 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया, साथ ही मोदी-योगी के नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा जताई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य होना गौरव की बात है। जनता की सेवा का अवसर आपको मिला है। मुख्यमंत्री जी के कार्यों को लेकर अगर जनता के बीच में जाएं तो हर बार जीत आपको मिलेगी। आपके पास ढाई साल का समय है, उसे जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा व्यतीत करें। इसके साथ ही आपकी उपस्थिति विधानसभा में भी दिखनी चाहिए। यहां आपकी परफॉर्मेंस ही जनता के बीच आपकी सक्रियता के संदेश के रूप में जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना सहित मंत्री और विधायक मौजूद रहे।




## भुगतान न होने से तंग ठेकेदार ने भोकरहेड़ी चेयरमैन पति की वीडियो बनाकर की वायरल

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी निवासी त्रिवेंद्र कुमार पुत्र राजपाल सिंह ने जीत कंस्ट्रक्शन एण्ड मेटल स्कैप के नाम से फर्म बनाई हुई है, जिसमें वो ठेकेदारी का कार्य करता है। ठेकेदार ने जानकारी देते हुए बताया कि उसने नगर पंचायत भोकरहेडी में 15वें वित्त से प्राप्त बजट में होने वाले निर्माण कार्य का ठेका लिया है। जिसका उसने मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य भी 75 फीसदी किया हुआ है। ठेकेदार का आरोप है कि जब उसने अपने पेमेंट की फाइल नगर पंचायत में भेजी तो पहले तो कई बार महिला चेयरमैन सरला देवी से मिलने ही नहीं दिया गया। बाद में उनके बेटे द्वारा यह कह दिया गया कि उन्होंने उनके दो लोगों के टैण्डरों के ऊपर कैसे टैण्डर डाल दिया, उनका भुगतान सिर्फ इसी शर्त पर हो पायेगा कि जब वो 15 प्रतिशत कमीशन देंगे। ठेकेदार ने मजबूर होकर चेयरमैन पति रमेश से मुलाकात कर गुपचुप तरीके से एक वीडियो बनाया, जिस वीडियो में उन्होंने सभी बातों की चर्चा की। उक्त चर्चा के बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। ठेकेदार का कहना है कि ऐसा उसको मजबूर होकर करना पड़ा, क्योंकि उसका पेमेंट अटका हुआ था और नगर पंचायत उसका भुगतान नहीं कर रही थी। ठेकेदार ने यह भी बताया कि 11 नवम्बर को उसके द्वारा सारे साक्ष्यों सहित जिलाधिकारी से इसकी शिकायत भी कर दी गई है और मामले की जांच चल रही है। यदि निष्पक्षता से जांच होती है तो इस भ्रष्टाचार की पोल खुलेगी और उन्हें न्याय मिलेगा।






## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 29 नवंबर (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 30 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1700-किंग चार्ल्स क्क के नेतृत्व में महान उत्तरी युद्ध-स्वीडिश बलों ने नारवा की लड़ाई में जार पीटर की रूसी सेना को हराया। 1731-बीजिंग में भूकंप से लगभग एक लाख लोग मरे। 1759-दिल्ली के सम्राट आलमगिर द्वितीय की उनके मंत्री ने हत्या की। 1782-अमेरिकी क्रांति-पेरिस में, संयुक्त राज्य अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन के प्रतिनिधि प्रारंभिक अवसर की संधि पर सहमत हुए। इस समझौते को 1783 में पेरिस की संधि के रूप में सील कर दिया गया। 1803-न्यू ऑरलियन्स में स्पेनिश प्रतिनिधि लुइसियाना प्रांत को फ्रांसीसी प्रतिनिधि को स्थानांतरित करता है। 20 दिन बाद, लुइसियाना खरीद के एक हिस्से के लिए फ्रांस ने अमेरिका को क्षेत्र बेच दिया। 1853-क्रीमियन युद्ध-रूसी नौसेना ने सिनोप की लड़ाई में तुर्क जहाजों के एक बेड़े को डूबो दिया। 1872-पहला आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय फुटबाल मैच खेला गया। इंग्लैंड और स्कॉट लैंड के बीच होने वाला यह मैच वेस्ट ऑफ स्कॉटलैंड क्रिकेट में हुआ। 1872-स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच ग्लासगो के हैमिल्टन क्रिसेंट में पहला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच हुआ। 1886-पहली व्यावसायिक रूप से सफल एसी विद्युत बिजली संयंत्र खोला गया। 1939-तत्कालीन सोवियत रूस ने सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया। 1943-द्वितीय विश्व युद्धः अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट रूजवेल्ट, ब्रिटिश प्रधान मंत्री विंस्टन चर्चिल और सोवियत राष्ट्रपति जोसेफ स्टालिन ने ऑपरेशन ओवरलॉर्ड पर सहमति व्यक्त की। ऑपरेशन ओवरलॉर्ड जून 1944 में यूरोप पर आक्रमण करने के लिए मित्र राष्ट्रों की साजिश को दिया गया गुप्त नाम था। 1961-तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिये कुवैत के आवेदन का विरोध किया। 1965-गुड़ियों का संग्रहालय दिल्ली की स्थापना मशहूर कार्टूनिस्ट के. शंकर पिल्लई ने की। 1966-बारबाडोस यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता प्राप्त की। 1966-दक्षिणी यमन गणराज्य को यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता मिली। 1872-स्कॉटलैंड के खिलाफ पहला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1400-1425, रसकट ढैया 1100-1170, चाकू 1280-1510, लड्डू 1380-1521, खुरपापाड़ 1300-1320, शक्कर मसाला 1400-1425। आमद- 6000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 79000 | चांदी- | 92100 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 59090 |

## आपका आज का राशिफल

शनिवार, 30 नवम्बर, 2024

**मेष-** कार्यों के प्रति उदासीनता, घरेलू परेशानी, सब कुछ होते हुए भी अकेलेपन की अनुभूति, प्रतियोगिता में असफलता, कर्ज की अधिकता, मित्रों से तकरार।

**वृषभ-** व्यापार में विस्तार, सम्मान का लाभ, व्यक्तित्व का विकास, विवाद का समापन, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**मिथुन-** कार्यक्षमता में वृद्धि, आपसी सलाह से कामयाबी, आपसी सद्भाव, आनन्द की अनुभूति, शारीरिक-मानसिक सुख की प्राप्ति, इच्छानुकूल घटना घटित।

**कर्क-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि, कर्ज की अदायगी।

**सिंह-** समय अशुभ, सहयोगियों की गतिविधियों से कष्ट, परिवार में अनावश्यक खर्च, आपसी संबंधों में कटुता, विवाद की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

**कन्या-** स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, सामाजिक सम्पर्क में वृद्धि, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, नौकरी में पदोन्नति, स्थान परिवर्तन।

**तुला-** ग्रहस्थिति भाग्य के अनुकूल, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, व्यापार में धन निवेश, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, वैवाहिक जीवन संतोषजनक।

**वृश्चिक-** अभीष्ठ कार्यों में सफलता, प्रगति का मार्ग प्रशश्त, स्वाध्याय में रुचि, आपसी सौहार्द, पारिवारिक हर्षोल्लास, श्रेष्ठजनों से अपेक्षित सहयोग, संत समागम।

**धनु-** दिन विपरीत, मित्रों से तनाव, भौतिक सुख में कमी, गलतफहमी के शिकार, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, अशांति का वातावरण, हानि भी।

**मकर-** व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, राजनीतिक कृत्यों में रुचि, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, दूसरों की सलाह मान्य, आमोद-प्रमोद के साधु सुलभ।

**कुम्भ-** विचारित कार्यों में सफलता, धन संचय में प्रवृत्ति, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, मान-सम्मान में वृद्धि।

**मीन-** वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, जीवनसाथी से सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# डीएम की अध्यक्षता में आज शीतलहर एवं घने कोहरे से बचाव हेतु विभागवार तैयारी के संबंध में बैठक सम्पन्न

### खुले आसमान के नीचे कोई व्यक्ति सोता मिला, तो सम्बन्धित अधिकारी होंगे जिम्मेदारःजिलाधिकारी



**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बुस.)।** डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज शीतलहर एवं घने कोहरे से बचाव हेतु विभागवार तैयारी के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित हुई, जिसमें शीतलहर व घने कोहरे के दृष्टिगत विभागीय तैयारियों की समीक्षा हुई। डीएम ने समीक्षा के दौरान स्पष्ट किया कि शीतलहर के बीच कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये, इसके लिये सम्बन्धित विभागों की जिम्मेदारियां तय कर दी गयी हैं। यदि कोई व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोता हुआ पाया जाये, तो तत्काल उसे निकटतम रैन बसेरे में ले जाया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने जिला स्तर पर स्थापित ईओसी कन्ट्रोल रूम का हेल्पलाईन नम्बर जारी किया है। यदि किसी व्यक्ति को सहायता की आवश्यकता हो या फिर सडक पर ऐसा कोई जरूरतमन्द व्यक्ति दिखाई दे तो इस हेल्पलाईन नम्बर 9412210080 के माध्यम से चौबीस घण्टे सहायता मिल सकेगी। बैठक में डीएम ने कहा कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, पेयजल, निशुल्क इलाज व शौचालय के साथ अन्य सभी सुविधायें उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों व ईओ से कहा कि ठण्ड शुरू हो गयी है, ऐसे में स्थल चिन्हित कर निःशुल्क कम्बल वितरण शुरू कर दिया जाये। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सड़कें गड्ढ़ामुक्त करा दें। सभी चौराहों पर रिफ्लेक्टर एवं डिवाइडरों पर स्टीकर लगवा दिये जायें। जिला प्रशासन की मंशा है कि रैन बसेरों में रात्रि में प्रतिदिन लोग रूकें। ऐसे व्यक्ति जो कि सर्दी के मौसम में खुले में रात गुजारते हैं, उन्हें सरकार की योजना का लाभ दिलाते हुये उन्हें रात्रि में शैल्टर होम में रूकवाया जायेगा। रैन बसेरों में बिस्तर आदि के पर्याप्त प्रबन्ध हों। पुलिस द्वारा सभी रैन बसेरों की सुरक्षा के लिये भी आवश्यक प्रबन्ध किये जायें। बैठक में एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार, एसडीएम खतौली मोनालिसा, तहसीलदार जानसठ सतीश बघेल, बुढ़ाना महेन्द्र यादव, खतौली श्रद्धा गुप्ता, बीडीओ विवेक कुमार, सतीश कुमार, राजीव कुमार, ईओ पुरकाजी व जानसठ मनीष कुमार वर्मा, नगर पालिका मु.नगर के ए.ई. अखंड प्रताप, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, डीपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, एसपी यातायात अतुल चौबे, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास, जिला पूर्ति अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, एआरटीओ अजय मिश्रा, राहत सहायक नासिर हुसैन व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सुपरवाइजरों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान की जानकारी देकर किया निर्देशित

**जानसठ, 29 नवम्बर (बु.)।** तहसील सभागार में एसडीएम सुबोध कुमार ने सुपरवाइजरों की बैठक ली। एसडीएम के द्वारा समस्त सुपरवाईजरों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी गई तथा निर्देशित किया गया कि 30 नवंबर तथा 8 दिसंबर को विशेष दिवसों का आयोजन किया जाएगा। सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करें तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदाता सूची में जुड़वाए जाने को निर्देशित करें। सभी मतदाता अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। यदि मतदाता सूची में अंकित किसी प्रविष्टि में कोई त्रुटि है, तो उसमें संशोधन करा सकते हैं। वोटर हैल्पलाईन पोर्टल पर फार्म छह भरकर अपनी वोट बनवा सकते हैं तथा फार्म आठ भरकर अपने नाम आदि की त्रुटि दूर कर सकते हैं। फार्म सात भरकर जिनकी मृत्यु हो गयी है या वो अन्य स्थान पर चले गए हैं, तो फार्म आठ भरकर उनका नाम मतदाता सूची से हटवा सकते हैं। बैठक में तहसीलदार सतीश चन्द बघेल, नायब तहसीलदार विपिन कुमार, बृजेश कुमार, रजिस्ट्रार कानूनगो सुक्रम पाल मौजूद रहे।

### गंगा की मुख्य धारा को घाट तक लाने व अन्य कार्यो पर मंथन

# शुकतीर्थ के कायाकल्प में जुटे डीएम उमेश मिश्र




फोटो बुलेटिन — कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में शुकतीर्थ विकास में गंगा की धारा लाने को चर्चा करते जिलाधिकारी

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने महाभारतकालीन पौराणिक तीर्थ स्थल का कायाकल्प करने को लेकर अब अभियान छेड़ दिया है। इसकी कार्य योजना बनाने के लिए शुक्रवार को डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए इसके ले आउट प्लॉन को साझा किया और अफसरों के सुझाव भी मांगे। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में शुकतीर्थ को हरिद्वार की तर्ज पर पौराणिक तीर्थ के रूप में देश-विदेश में नई पहचान दिलाई जायेगी। जिलाधिकारी उमेश मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह सभागार में संपन्न जिला स्तरीय बैठक में शुकतीर्थ के विकास के साथ व्यवस्था को लेकर बिन्दूवार चर्चा की। डीएम ने शुकतीर्थ को पौराणिक तीर्थ होने के नाते धार्मिक पर्यटन का बड़ा हब बनाने की कार्ययोजना पर अधिकारियों को एक समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि शुकतीर्थ को विकसित करने के साथ वहां पर धार्मिक तीर्थाटन करने के लिए आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधा देने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। इस पौराणिक क्षेत्र को देश में नई पहचान दिलाई जाये, यही प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में गंगा की मुख्य धारा को गंगाघाट पर लाने के लिए हो रहे प्रयासों पर मंथन के साथ अब तक की तैयारियों पर विचार किया गया। वहीं फैक्ट्रियों से गंगा में डाले जा रहे गंदे पानी को रोकने के साथ इस क्षेत्र में जरुरत के आधार पर पुल निर्माण, घाट और अन्य सौंदर्यकरण को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। बता दें, शुक्रतीर्थ में गंगाघाट सोनाली नदी पर बनाया हुआ है, जो गंगा की ही सहायक नदी है। इस नदी की कुल लंबाई 133 किमी है, जिसमें से महज 61 किमी उत्तर प्रदेश में है, जबकि बाकी हिस्सा उत्तराखंड में है। बैठक में एडीएम वित्त गजेंद्र कुमार व नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार, एसडीएम खतौली मोनालिसा जोहरी, एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती, तहसीलदार खतौली श्रद्धा गुप्ता, एआरटीओ अजय मिश्रा, पालिका एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह समेत एमडीए, वन और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों को डराकर कुछ किसान नेता खरीद रहे जमीनः चौहान

### सिफा के दो दिवसीय किसान सम्मेलन में भाग लेने के लिए हैदराबाद जाएंगे किसान नेता धर्मेन्द्र मलिक

**किसानों की आय बढ़ाने और खर्च कम करने के लिए किया जायेगा मंथन**



**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** भारतीय किसान संघ परिसंघ (सिफा) द्वारा 30 नवंबर और 1 दिसंबर को हैदराबाद में किसान सम्मेलन आयोजित किया जा रहा हैं, जिसमें भाकियू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन, किसानों की मुख्य मांगों और अग्रिम वर्ष की गतिविधियों के लिए रणनीति बनाने पर देश के विभिन्न किसान संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए किसानों को आर्थिक लाभ और ग्रामीण विकास के कार्यक्रम बनाने के लिए चर्चा की जाएगी और सभी प्रतिनिधियों के सुझाव से भविष्य के कार्यशैली तैयार की जाएगी। सम्मेलन में देशभर से एक विचारधारा के किसान संगठन हिस्सा ले रहे है। सम्मेलन में किसानों के वैल्यू एडिशन, आय बढ़ाने और खर्च कम करने, किसानों को खेती आधारित स्व रोजगार, तकनीकी का इस्तेमाल आदि पर भी चर्चा होगी।

भाकियू अराज. के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मलिक के मुजफ्फरनगर आवास पर संपन्न बैठक में यह जानकारी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान सहारनपुर पंचायत से भाग लेकर यहां धर्मेंद्र मलिक के आवास पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि किसानों के उत्थान एवं किसानों को गुमराह करने वाले किसान नेताओं के खिलाफ भाकियू अराज. दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि आज किसान का बेटा खेती छोड़ रहा है। हमारे संगठन का उद्देश्य खेती को बचाए रखना है, जबकि कुछ किसान नेताओं का उद्देश्य किसानों को गलत जानकारी देकर डराए रखना है। मेरी किसानों से अपील है कि किसानों को डरने की जरुरत नहीं है, चाहे जो सरकार हो किसानों पर अत्याचार नहीं कर सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ किसान नेता आज किसानों को जमीन छीनने का भय दिखाकर खुद जमीन खरीदने में लगे है। ऐसे किसान नेताओं की भी जांच होनी चाहिए।

## भाजपा नेता ने रेप पीड़िता का जाना हाल-चाल

**बुढ़ाना, 29 नवम्बर (बु.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजीनियर देवेंद्र सिंह कश्यप शुक्रवार के दिन बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगवा में पहुंचे, जहां पर उन्होंने क्षेत्र के एक गांव में कश्यप समाज की एक किशोरी के साथ बीती 25 नवम्बर को हुई रेप की घटना की कड़े शब्दों मे निंदा की। उन्होंने यहां पर पीड़िता के परिवार के लोगों को बुलाकर उनको सांत्वना दी और बताया कि वे इस दुराचार कांड में बुढ़ाना पुलिस की कार्यशैली को लेकर एसएसपी से बात करेंगे। महर्षि कश्यप एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सुशील कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज इस मामले में बुढ़ाना पुलिस की कार्यशैली को लेकर बुढ़ाना तहसील परिसर में 02 दिसम्बर को धरना देगा। उन्होंने धरने पर सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने को कहा। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से ओमप्रकाश कश्यप, चंद्रभान कश्यप, कश्यप क्रांति मिशन से सोनू कश्यप, लोकेंद्र कश्यप व ऋषिपाल कश्यप आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि बीते 25 नवम्बर को क्षेत्र की किशोरी संग एक युवक ने खेत में रेप किया था, जबकि अन्य युवक पहरेदारी पर था। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनको पकड़कर जेल भेज दिया था। किशोरी का मेडिकल कराकर बयान भी कराए गये थे।

# हिन्द मजदूर किसान समिति ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

### हिंदूओं पर बढ़ते अत्याचार को लेकर जताया गया रोष, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार होने के आरोप लगाते हुए हिन्द मजदूर किसान समिति के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच डीएम कार्यालय पर धरना देने के बीद डीएम उमेश मिश्रा को सौंपे ज्ञापन में प्रधानमंत्री से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाए जाने की मांग की।

हिन्द मजदूर किसान समिति के सैकड़ों कार्यकर्ता जुलूस के रूप में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पंहुचे और वहां पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए धरना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने संत चिन्मय प्रभु की हुई गिरफ्तारी को लेकर भी आक्रोश जताया। बाद में उन्होंने डीएम उमेश मिश्र को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जैसा बांग्लादेश में वर्तमान में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहे हैं, बांग्लादेश में हिन्दू संत चिन्मय प्रभु को जिस प्रकार बिना कारण सरकार ने गिरफ्तार किया है, यह अत्यंत निंदनीय एवं दुखद है। वहां हिन्दुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। मामले में प्रवक्ता अमित कुमार ने समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रमोहन के संदेश में कहा कि रोहिंग्याओं की हमदर्दी में आवाज उठाने वाले हमारे देश में कई लोग व नेता हैं, लेकिन आज बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में आवाज उठाने वाला क्या कोई है? आज ये चुप क्यों हैं? ये ढोंगी सेक्युलर सबसे बड़े साम्प्रदायिक लोग हैं। उन्होंने इस संदेश में कहा कि जब भी हिन्दुओं पर अत्याचार होते हैं, ये चुप हो जाते हैं क्या हिन्दू इंसान नहीं? क्या उन्हें जीने का अधिकार नहीं है? इसलिए हम सरकार से मांग करते हैं कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार बंद कराने के लिए विश्व स्तर पर जरुरी कदम उठाये जायें ताकि वहां लगातार हो रहे ये अत्याचार बंद हों। इस दौरान मुख्य रूप से राजपाल, पदम सिंह, पंकज, विकास, उपेंद्र आदि का सहयोग रहा।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र नीरज कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने उसे अपनी समस्त चल-अचल संम्पत्ति से बेदख़ल कर दिया है। यदि भविष्य में नीरज कुमार किसी से कोई लेन-देन या व्यवहार करता है तो उसका वह स्वयं ज़िम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।

लक्ष्मीकांत पुत्र स्व0 श्री नत्थू सिंह
निवासी- कृष्णापुरी, खादरवाला
मुजफ्फरनगर।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 1605 दिनांक 1/2/2020 में गलती से द्रिसना (*DRISANA*) दर्ज करा दिया गया जबकि उसका वास्तविक नाम द्रिसना गोयल (*DRISANA GOEL*) है। भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

नितिन गोयल पुत्र स्व0 श्री विनोद कुमार गोयल
996/1 गली नं.-2, रामलीला टिल्ला
मुजफ्फरनगर


# सड़क दुर्घटना में भाकियू सर्व के ब्लॉक अध्यक्ष घायल

**चरथावल, 29 नवम्बर (बु.)।** ग्राम चौकड़ा मार्ग पर दो बाइकों की बीच हुई भिंडत में बाइक सवार भारतीय किसान यूनियन सर्व के ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे भाकियू अराजनैतिक के नेता काला प्रधान चौकड़ा ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम चौकड़ा मार्ग पर देर शाम दो बाइकों के बीच भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में बाइक सवार ग्राम मुथरा निवासी भाकियू सर्व के ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कश्यप घायल हो गए, वहीं 2 महिलाओं को मामूली चोट आई। घटना की सूचना मिलते ही भाकियू अराजनैतिक के नेता काला प्रधान चौकड़ा तुरन्त मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे तथा घायलों को ग्रामवासियों की मदद से अस्पताल भिजवाया। वहीं भाकियू सर्व के ब्लॉक अध्यक्ष की हालत गम्भीर होने के चलते जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

## कश्मीर में आतंकवादी संगठन के दो सहयोगी पकड़े

**जम्मू, 29 नवंबर (वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर और डोडा जिलों में आतंकवादी संगठनों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां बताया कि आतंक समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले में जम्मू-कश्मीर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत एक कट्टर आतंकवादी सहयोगी को हिरासत में लिया है। आरोपी की पहचान पोनारा सोनी निवासी अब्दुल सतार के रूप में हुई है, जो कई आतंकवादी मामलों में शामिल रहा है। वह आतंकवादी संगठनों के लिए एक सक्रिय मार्गदर्शक और मददगार के रूप में काम कर रहा था। उसके खिलाफ थाना बसंतगढ़ में कई प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपी की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए उसे जन सुरक्षा अधिनियम के तहत निरुद्ध किया गया।

## महाकुम्भ के लिए उतारी गई अधिकारियों की टीम

**प्रयागराज, 29 नवंबर (वार्ता)।** महाकुम्भ-2025 के दिव्य और भव्य आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। इन अधिकारियों पर विभिन्न गतिविधियों की देखरेख और प्रबंधन का दायित्व होगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी प्रयागराज के द्वारा अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्यक्षेत्र सौंप दिए हैं। मेला आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। सीडीओ गौरव कुमार महाकुम्भ-2025 के किसी भी कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी के आदेशानुसार सभी आवश्यक कार्यवाही के प्रभारी होंगे।

# यूपी बार काउंसिल ने अपराधिक वकीलों की सूची की तलब

**इटावा, 29 नवंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने अपराधिक वकीलों के खिलाफ बड़ा निर्णय लेते हुए सभी की सूची तलब की है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने शुक्रवार को यहां बताया कि 29 सितंबर को बार कार्उसिल की सामान्य बैठक में इस बात का निर्णय लिया है कि राज्य में अपराधिक प्रवृत्ति से जुड़े हुए अधिवक्ताओं की सूची हासिल की जाए ताकि उनके खिलाफ आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल ने अपने पत्र में इस बात का भी जिक्र किया है जिस किसी भी अधिवक्ता के खिलाफ एक से अधिक गंभीर अपराधिक मामले दर्ज है उनके आपराधिक ब्यौरा एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया जाए। गौर ने बताया कि 19 नवंबर को प्रदेश भर के सभी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्षों को भेजे गए पत्र में यूपी बार काउंसिल ने सभी अपराधिक अधिवक्ताओं की सूची पेश करने के निर्देश दिए है। गौर ने बार काउंसिल से जुड़े हुए निर्देशों का हवाला देते हुए सभी अधिवक्ताओं से एक सप्ताह के भीतर अपने-अपने आपराधिक मामलों का ब्यौरा दाखिल करने को कहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की ओर से दिए गए निर्देशों का हवाला देते हुए उनके स्तर से सभी अधिवक्ताओं को इस बाबत जानकारी प्रदान कर दी गई है अगर किसी भी अधिवक्ता के खिलाफ कोई अपराधिक मामला दर्ज है तो उसे एक सप्ताह के भीतर जिला बार एसोसिएशन कार्यालय में उपलब्ध करा दे ताकि उसे सूचना को उत्तर प्रदेश बर काउंसिल स्तर पर भेजा जा सके। बार काउंसिल ने इस सिलसिले में प्रदेश के सभी जिला जज, डीएम, एसएसपी को भी संयुक्त रूप से पत्र लिखा है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने आपराधिक वकीलों से जुड़े हुए ब्यौरा को इसलिए संकलित करने के निर्णय लिया है क्यों कि कई दफा देखा गया कि अदालतों ओर पुलिस अधिकारियों के पास अपराध से जुड़े हुए वकील भीड़ की शक्ल में पहुंचते है और मनचाहा काम करने का दबाव बनाते है जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ जाती है।


## कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

**सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पं0 दीन दयाल उपाध्याय योजना, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर में श्री राजपाल पुत्र श्री छोटेराम पता-339 रामपुरी, मुजफ्फरनगर को भवन सं0 एस-02 आवंटित हुआ था। आवेदक के पुत्र श्री अविनाश द्वारा आवेदन किया गया है, कि उसके पिता श्री राजपाल की मृत्यु दिनांक 12.05.2021 में एवं माता श्रीमति सरला देवी जिनकी मृत्यु दिनांक 23.03.2016 को हो गयी थी एवं उपजिलाधिकारी, सदर, मुजफ्फरनगर द्वारा पत्र सं0 133/पी0ए0/पा0प्र0पत्र दिनांक 17.10.2023 द्वारा पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें (श्री अविनाश पुत्र श्री राजपाल) मै इकलौता वारिस हूँ।

अतः श्री राजपाल पुत्र श्री छोटेराम एवं उसके उपरान्त श्रीमति सरला देवी पत्नी श्री राजपाल के देहान्त के उपरान्त उक्त प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पं0 दीन दयाल उपाध्याय योजना, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर में आवंटित आवास एस-02 को श्री अविनाश पुत्र श्री राजपाल के पक्ष में किये जाने एवं उक्त आवास का अनुबन्ध द्वारा विलेख के आधार पर नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर लिखित रूप से प्राधिकरण कार्यालय में उपलब्ध कराये। नियत तिथि में आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार आवेदक श्री अविनाश का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति)
विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर।


# महिला की शिकायत पर पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवाया

**भोपा, 29 नवम्बर (बु.)।** भोपा में अथाई मार्ग पर स्थित पानी की टंकी के बराबर में निर्माण कराया जा रहा था, जिसकी शिकायत महिला ने थाने पर की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया तथा तहसील दिवस में दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने की बात कही। ग्राम व थाना भोपा में अथाई मार्ग पर पानी की सरकारी टंकी के बराबर में खाली पड़ी जमीन में दलित समाज के लोगों द्वारा साफ- सफाई की जा रही थी। पवन कुमार, हुकमसिंह, बबलू, सोनू, प्रदीप, आदेश, जयवीर, धर्मराज, सहेन्द्र, महावरी, डॉ. धारासिंह, धर्मसिंह आदि ने बताया कि सन् 2010 में एसडीएम जानसठ ने इस जमीन को अम्बेडकर सामुदायिक केन्द्र के लिए ग्राम सभा को आवंटित किया था तथा गत् 4 अक्टूबर 2024 को लेखपाल अंकित कुमार द्वारा यह भूमि चिह्नित की गई थी, जिसके बाद अम्बेडकर समाज सेवा समिति के द्वारा अम्बेडकर भवन बनाने के लिए साफ-सफाई की जा रही है। वहीं थाने पहुंची महिला सविता ने तहरीर देते हुए बताया कि इस जमीन को ग्राम प्रधान द्वारा 1967 में उनके नाम पट्टा किया गया था, जिसके कागजात उसके पास हैं। तब से वह इस जमीन पर काबिज है। अतः जमीन पर हो रहा निर्माण अवैध है। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई महेन्द्र सिंह व कांस्टेबल नरेश चाहर ने भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया तथा तहसील दिवस में दोनों पक्षों को अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने की बात कही।



भोपा में अम्बेडकर भवन बनाने के लिए जमीन पर जा रही साफ सफाई



भोपा में अवैध निर्माण की सूचना पर पहुंचे एसआई महेन्द्र सिंह लोगों को समझाते हुए

# गिलास में शराब होने के संदेह पर रेस्टोरेंट में मारपीट के बाद हंगामा

### रेस्टोरेंट में गिलास हाथ में लेकर पहुंचे युवक को पीटने का आरोप, पुलिस ने मामला संभाला

**खतौली, 29 नवम्बर (बु.)।** हाईवे स्थित एक रेस्टोरेंट पर एक युवक के साथ हुई मारपीट से हंगामा हो गया। बीती रात हाईवे स्थित एक रेस्टोरेंट पर कस्बा सकौती निवासी तरूण नामक युवक अपने साथियों के साथ खाना खाने के लिए पहुंचा। बताया जाता है कि रेस्टोरेंट पर पहुंचा युवक तरूण अपने हाथ में एक पानी का गिलास लिए हुए था। तरूण के हाथ में गिलास देखकर रेस्टोरेंट मालिक को संदेह हुआ कि उसमें शराब है। ऐसा संदेह व्यक्त करने के साथ ही रेस्टोरेंट के कर्मचारी ने युवक तरूण के साथ गाली गलौच शुरू कर दी, जिस पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इससे रेस्टोरेंट में भारी हंगामा होने के कारण वहां पर हलचल मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा किसी प्रकार मामले को शान्त किया। पीड़ित तरूण ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## संवेदनशील इलाकों की ड्रोन से की निगरानी

**चरथावल, 29 नवम्बर (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के कस्बा चरथावल में क्षेत्राधिकारी सदर राजू कुमार साव के नेतृत्व में चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह, कस्बा इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ मिलकर ड्रोन कैमरों से संवेदनशील स्थानों की निगरानी की, जिसके चलते कुछ मकानों की छतों पर रखे ईंट-पत्थरों को हटवाया और लोगों को हिदायत दी कि कोई भी व्यक्ति अपनी छतों पर ईंट पत्थर न रखे। आज जुमे के दिन नमाज से पहले सीओ सदर ने पुलिस टीम को साथ लेकर संवेदनशील क्षेत्र में मकानों के ऊपर ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिसमें कई मकानों की छतों के ऊपर ईट और पत्थर पड़े मिले, जिनको तुरंत ही छतों से उतरवाया गया और लोगों को सख्त हिदायत दी गयी। सीओ सदर ने धार्मिक लोगों से संवाद करते हुए क्षेत्र में अमन-चैन से रहने की अपील की।

## दावत खाने बारात घर आए युवक की बाइक हुई चोरी

**बुढ़ाना, 29 नवम्बर (बु.)।** बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव लोई निवासी महराज पुत्र रियाज अहमद शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित एक बैंकट हॉल में दावत खाने के लिए आया हुआ था, तब उसने अपनी बाइक को हाल के बाहर खड़ा कर दिया और अंदर खाना खाने चला गया। जब वह थोड़ी देर बाद खाना खाकर बाहर निकला तो वहां पर उसकी बाइक नहीं थी। उसने अपनी बाइक को इधर-उधर तलाश किया, लेकिन उसकी बाइक नहीं मिली। उसने बाइक चोरी होने की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी, तो पुलिस सूचना मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की।


## कार्यालय मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लि0, मुजफ्फरनगर

मुख्यालयः कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर

**निविदा विज्ञप्ति**

पत्रांक 12425-426 / प्रशासन / 2024-25 — दिनांकः 29/11/2024

मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0, मुजफ्फरनगर के ग्रामीण क्षेत्रों, तहसीलों में बैंक कार्य हेतु वाहन के रूप में स्कार्पियो वाहन एक वर्ष के लिए किराये पर लिया जाना है। वाहन किराये पर लिये जाने हेतु पंजीकृत निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें बैंक की वेबसाईट पर https://muzaffarnagardcb.com पर भी उपलब्ध है। निविदा पत्र का प्रारूप, निर्धारित शुल्क, बैंक की मुख्य शाखा, मुजफ्फरनगर में जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते हैं। जिन निविदाकारो ने पत्रांक 9283-84 प्रशासन / 2024-25 दिनांक 09.10.2024 के क्रम में पूर्ण निविदा प्रेषित की गयी है उन्हे पुनः निविदा प्रेषित करने की आवश्यकता नही है। उनकी वही निविदा मान्य होगी। EMD/ धरोहर राशि पे-ऑर्डर/ड्राफ्ट/एफडी0आर0 के रूप में जो सचिव/ मुख्य कार्य कार्यपालक अधिकारी, मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0. मुजफ्फरनगर के पक्ष में बन्धक हो, निविदा पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि (रु0 में) | EMD राशि (रु0 में) | निविदा जमा करने का अन्तिम दिनांक एवं समय | तकनीकी निविदा खुलने का दिनांक व समय | वित्तीय निविदा खुलने का दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्कार्पियों (टाप मॉडल एन-8 लग्जरी) / बोलेरो (टाप मॉडल नियो एन-10) | 1000 | 20000 | दिनांक-06.12.2024 समय अपराह्न 5:00 बजे तक | दिनांक-07.12.2024 समय पूर्वाह्न 11.00 बजे तक | दिनांक-07.12.2024 समय अपराह्न 3:00 बजे तक |

उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें कार्यालय समय में मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0. मुजफ्फरनगर, मुख्यालय कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा पत्र दिनांक-06.12.2024 तक कार्यालय समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर बैंक की मुख्य शाखा, कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर से प्राप्त किये जा सकेंगे।

सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## संसद, चार दिन में चालीस मिनट

संसद कल भी नहीं चलने दी गयी। कल लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। देशहित के लिए यह अच्छी बात नहीं है। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से आरम्भ हुआ था, हैरानी और चिन्ता की बात यह है कि चार दिन में सदन की कार्यवाही मात्र चालीस मिनट चली। हर दिन औसतन दस मिनट तक सदन में कामकाज हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अडानी और संभल का मुद्दा उठाया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा करते रहे। स्पीकर ने कई बार उन्हें बिठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ। स्पीकर ओम बिरला ने कहा सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले, लेकिन संसद नहीं चली। संसद के दोनों सदनों के स्थगित होने के बाद पत्रकारों ने कई विपक्षी सांसदों से बात की। उन्होंने संभल और अडानी को देश का सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए अपनी बात कही, जबकि टीएमसी के कई सांसद इस हंगामे पर कांग्रेस की आलोचना करते दिखाई दिए। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सरकार बड़ा दिल दिखाएगी और विपक्ष को महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का मौका देगी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वह कौन सा मुद्दा उठाना चाहती है और कब। क्या सरकार ने कहा था कि अडानी, मणिपुर, संभल, चीन और विदेश नीति पर चर्चा होगी? सरकार की तरफ से कुछ नहीं आया। उन्होंने न तो विषय स्पष्ट किया और न ही तारीख, जिस दिन वे विषय और तारीख स्पष्ट कर देंगे, हम सदन चला पाएंगे, लेकिन हम सरकार में एक नया अहंकार देख रहे हैं। गौरव गोगोई की बात का जवाब देते हुए एक अन्य सांसद ने कहा कि इन्होंने पहले भी संसद नहीं चलने दी थी और वेल में आकर हंगामा किया था। प्रधानमन्त्री तक को बोलने नहीं दिया था, उस समय पूरी कांग्रेस अहंकार में चूर थी, ये अब सरकार में अहंकार की बात कर रहे हैं। राज्यसभा में विपक्षी सांसदों की लगातार नारेबाजी के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। हम बहुत खराब मिसाल कायम कर रहे हैं। हमारे काम जनता केंद्रित नहीं हैं। हम अप्रासंगिकता की ओर बढ़ रहे हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन 25 नवंबर को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच बहस हुई। धनखड़ ने खड़गे से कहा कि हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे हैं। उम्मीद है आप इसकी मर्यादा रखेंगे। इस पर खड़गे ने जवाब दिया कि इन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए। 27 नवंबर को फिर अडानी मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा हुआ। 27 नवंबर को सत्र के दूसरे दिन लोकसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने अडानी मुद्दे पर हंगामा किया था। 12 बजे दोबारा कार्यवाही शुरू हुई तो फिर हंगामा हुआ, जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा दोनों को 28 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। 28 नवंबर को सत्र का तीसरा दिन था। प्रियंका गांधी पहली बार संसद पहुंचीं। उन्होंने लोकसभा में सांसद पद की शपथ ली। इस दौरान हाथ में संविधान की कॉपी ली। उन्होंने प्रियंका के साथ उनकी मां सोनिया और राहुल गांधी भी संसद पहुंचे। इंडी गठबंधन में शामिल टीएमसी चाहती है कि अडानी मुद्दे पर हंगामे के बीच संसद चले। टीएमसी ने कहा कि वह नहीं चाहती कि ध्यान केवल एक मुद्दे- अडानी के मामले पर केंद्रित रहे। टीएमसी ने कहा कि वह लोकसभा में कई लोगों के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है। बांग्लादेश संकट पर भी टीएमसी ने केंद्र सरकार को समर्थन देने का एलान किया। ये दोनों स्थिति कांग्रेस के लिए बड़ा झटका मानी जा रही हैं। पिछले लंबे समय से राहुल गांधी, अडानी को मिलने वाले कॉन्ट्रैक्ट में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते रहे हैं। राहुल गांधी का सीधा आरोप हमेशा ही पीएम मोदी पर रहता है और वे अडानी को पीएम मोदी का दोस्त बताकर उन्हें आर्थिक-लाभ पहुंचाने के दावे करते हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में अडानी मुद्दे पर जारी गतिरोध के बीच ममता बनर्जी एक बार फिर अलग राह लेती नजर आ रही हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि टीएमसी चाहती है कि संसद चले, जिससे जनता के मुद्दे उठाए जा सकें। टीएमसी की लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि टीएमसी चाहती है कि संसद चले। हम नहीं चाहते कि एक मुद्दा संसद को बाधित करे। हमें इस सरकार को उसकी कई विफलताओं को लिए जवाबदेह ठहराना चाहिए। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पर पहला हमला टीएमसी ही ने बोला है। इससे पहले हरियाणा में कांग्रेस की हार पर भी इंडी गठबंधन की प्रमुख घटक दल टीएमसी ने कांग्रेस को घेरा था। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद से कांग्रेस बैकफुट पर है, भले ही झारखंड में गठबंधन की जीत हुई हो, लेकिन दबे मुंह इंडी गठबंधन के नेता बयानबाजी करते रहे हैं। विधानसभा चुनाव प्रचार में राहुल गांधी ने धारावी और अडानी का मुद्दा उठाया था, लेकिन नतीजों ने यह संकेत दिया है कि राहुल के ये यह दांव नहीं चले। राहुल गांधी ने साल 2017-18 के दौरान फ्रांस से राफेल विमान की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। राहुल ने लोकसभा चुनाव 2019 का पूरा कैंपेन राफेल के कथित भ्रष्टाचार पर केंद्रित किया और चौकीदार चोर है कैंपेन चलाया, लेकिन इसका पार्टी को कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद पार्टी में अनेक सीनियर नेताओं ने भी राफेल के मुद्दे को लेकर खुद को दूर रखा। राफेल की तरह ही पिछले लगभग अढ़ाई साल से राहुल गांधी गौतम अडानी का मुद्दा उठा रहे हैं। उनका आरोप है कि देश के अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी के कॉन्ट्रैक्ट एक साजिश के तहत अडानी को देकर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है। हालांकि, जब राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तो उस दौरान अशोक गहलोत और भूपेश बघेल की सरकारों ने अडानी को मोटे कॉन्ट्रैक्ट दिए थे। तमिलनाडु से लेकर तेलंगाना और पश्चिम बंगाल से लेकर महाराष्ट्र तक कई ऐसे में राज्यों में अडानी को उस वक्त कॉन्ट्रैक्ट मिले थे, जब वहां विपक्षी दलों की सरकारें थीं। इसी तर्क से बीजेपी राहुल पर हमलावर रहती है, लेकिन अब इस मुद्दे पर राहुल को अपने सहयोगी दलों का कुछ खास समर्थन नहीं मिल रहा है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"सियासत" "दल" "लोग" "रोग"

सब समझते हैं सियासत आपके बस की नहीं,
आपसे अब आप ही के लोग कटने लग गए।
आप अपने दल की खातिर दल का पीछा छोड़ दो,
आप को महसूस होगा रोग कटने लग गए।


### रस्म पगड़ी



मान्यवर,

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा कि हमारे प्रिय भाई साहब **श्री विनोद कुमार अग्रवाल जी** (एडवोकेट) पुत्र स्वर्गीय श्री त्रिलोक चंद अग्रवाल जी (एडवोकेट) का स्वर्गवास **दिनांक 20 नवंबर 2024, दिन बुधवार** को हो गया है।

प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**रस्म पगड़ी (तेरहवीं) 01 दिसम्बर 2024, रविवार** को होनी निश्चित हुई है।

| | |
|---|---|
| हवन | 8 बजे प्रातः |
| ब्रह्मभोज | 12 बजे दोपहर |
| रस्म पगड़ी | 2 बजे दोपहर |

**स्थानः बड़ी धर्मशाला, वकील रोड, नई मंडी, मुजफ्फरनगर**

**शोकाकुलः**

उषा-अरविंद कुमार गर्ग (बहन-बहनोई)
छवि-सौरभ अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
आदित्य (धेवता)
एशली (धेवती)
प्रतिष्ठानः
कृष्णा ट्रेडिंग एंड फाइनेंस कंपनी
कामधेनु फाइनेंसर्स
तपस्या एंटरप्राइज़
उमा अग्रवाल (धर्मपत्नी)
अजय कुमार अग्रवाल (एडवोकेट) (भाई)
विजेंद्र कुमार अग्रवाल (भाई)
स्वर्गीय दीपक कुमार अग्रवाल-
शिल्पी अग्रवाल (एडवोकेट)(पुत्र-पुत्रवधू)
संजय अग्रवाल-रीना अग्रवाल(पुत्र-पुत्रवधू)
मनन अग्रवाल (पौत्र)
खुशी, मिष्ठी, मान्या, नव्या (पौत्री)

**निवासः 105 घेर खत्ती, नई मंडी, मुजफ्फरनगर**

M. 9837244256, 9837442575, 8077328538














# एसडी लॉ में पुरस्कार वितरण समारोह पर मनमोहक प्रस्तुति

मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित स्पोर्ट्स मीट 2024 के पुरस्कार वितरण समारोह में कॉलेज में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि अंकुर दुआ, सदस्य भारतीय प्रेस परिषद् एवं संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश गर्ग, पूर्व डीन विधि विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्व विद्यालय, विशिष्ट अतिथि गरिमा जैन, प्राचार्या डीएवी कॉलेज तथा कॉलेज प्रबन्ध समिति से कॉलेज चेयरमैन अशोक सरीन, सचिव विनोद कुमार संगल, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार गर्ग, डॉ. ओम दत्त विधि विभागधायक्ष डीएवी कॉलेज, ध्रुव कुमार चेयरमैन एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्ट्डीज, संदीप मित्तल प्राचार्य, एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्ट्डीज (यूजी), आलोक गुप्ता प्राचार्य एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्ट्डीज (पीजी) सचिन कुमार प्राचार्य एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एवं अंकुर धामा, स्पोर्ट्स टीचर, एसडी ग्रुप ऑफ कॉलेज, कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग एवं कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात बीए-एलएलबी की छात्रा लक्ष्मी द्वारा सरस्वती वंदना के नृत्य से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ एवं छात्रा हिमांशी कालरा ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन अशोक



सरीन तथा सचिव विनोद कुमार संगल ने सभी सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अंकुर दुआ ने कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों से हम शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते है और साथ ही उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि वर्तमान में माँ शाकुम्भरी विश्व विद्यालय, सहारनपुर के विधि महाविद्यालय में केवल एसडी कॉलेज ऑफ लॉ ही एकमात्र ऐसा कॉलेज है जो पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करता आ रहा है। इस पर उन्होंने इस कार्य के लिए कॉलेज प्रबन्ध समिति और कॉलेज स्टाफ की सराहना की। डॉ. राजेश गर्ग ने कहा कि उन्हें विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अति प्रसन्नता हो रही है और वे सर्वशक्तिमान ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देकर विजेता कहलवाएं। गरिमा जैन ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अपने आप में एक अनोखा जीवन है और इस विद्यार्थी जीवन में ही हमारे भविष्य के निर्माण की रुपरेखा निर्धारित होती है। बेडमिन्टन (छात्रा वर्ग) में पल्लवी ने पहला, कीर्ति ने दूसरा तथा आतिफा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बेडमिन्टन (छात्र वर्ग) में विदित ने पहला, सिद्धार्थ ने दूसरा तथा संजीव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बेडमिन्टन (डबल) में सिद्धार्थ और संजीव ने पहला, विदित और अबुजर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस में सिद्धार्थ ने पहला, अनमोल ने दूसरा तथा महानुराग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा ट्रॉफी तथा प्रमाण-पत्र प्राप्त किये। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मत्रमुग्ध किया। अंत में प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज का प्रत्येक छात्र-छात्रा अपने आप में प्रतिभा लिए हुए है और यह प्रतिभा अध्ययन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों से भी सम्बद्ध है, जिसमें विभिन्न खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है और यह भूमिका हमारे स्वयं का चरित्र-निर्माण कर छात्र जीवन को एक सार्थक आयाम प्रदान करती है। कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने कहा कि स्पोर्ट्स मीट के द्वारा हम सभी को तथा छात्र-छात्राओं को एक-दूसरे की रचनात्मक प्रतिभा का पता चलता है तथा साथ ही कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा तथा कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. मुकुल गुप्त, डॉ. अमित चौहान, डॉ. प्रीति चौहान, पूनम रानी, बबीता गर्ग, छवि जैन, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, डॉ. अभिनव गोयल, अनीता सिंह, उमेश चन्द्र त्रिपाठी, अमित भारद्वाज, गरिमा तोमर, प्रीति दीक्षित, डॉ. दीपक मलिक, विपुल कुमार, शुभम सिंघल, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, संजीव कुमार, विवेक सिरोही, मौ. आमिर आदि उपस्थित रहे।

## कुशपुरी ने मुख्यमंत्री को बताई एमएसएमई की दिक्कतें

मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बुस.)। प्रदेश संयोजक लघु उद्योग प्रकोष्ठ भाजपा उत्तर प्रदेश व आईआईए के पूर्व चेयरमैन कुश पुरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। उनके साथ कौशल विकास मंत्री व सदर विधायक कपिल देव अग्रवाल भी उपस्थित रहे। प्रदेश संयोजक कुश पुरी ने मुख्यमंत्री से एमएसएमइ विषय पर विस्तार से चर्चा की व अनुरोध किया कि एमएसएमई के विषयों को समझने, उनका प्रदेश की प्रगति में योगदान व रोजगार बढ़ाने हेतु उद्यमियों व सरकार के प्रतिनिधियों को सम्मिलित कर शासन स्तर पर



एक कार्यबल (फोर्स) बनाया जाये, जो प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में जा कर चुनौतियों का आकलन करे और उसकी सिफारिशों को लागू किया जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि कम पूँजी में अधिक रोजगार देने वाला लघु उद्योग का क्षेत्र असीम संभावनाओं के साथ ही बड़ी चुनौतियों से भी रूबरू है। आपके नेतृत्व में आशा है कि लघु उद्योगों की ये चुनौतियाँ भी अच्छे से हल होंगी। उन्होंने कहा कि कारखाना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत आने वाले उद्योगों को विकास प्राधिकरणों से नक़्शा अनुमोदित कराने की आवश्यकता से मुक्त करना, साथ ही ऐसे उद्योगों को अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाणपत्र से भी मुक्त रखना ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की भावना के अनुरूप होगा। (क्योंकि ये सभी कार्य कारखाना अधिनियम के अंतर्गत निष्पादित किए जाते हैं।) साथ ही अनुरोध किया कि औद्योगिक सुरक्षा संबंधित सभी अनुपालन विभाग से ना करा कर स्वतंत्र एजेंसी (एप्रूवड चार्ज्ड इंजीनियर आदि) आदि से कराया जाये। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आपके नेतृत्व में लघु उद्यमियों की चुनौतियों का समाधान होगा और आपके निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देगा। कुश पुरी ने आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर व फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मांग-पत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपे।

## क्रान्ति सेना के चार नेताओं ने किया कोर्ट में सरेंडर

मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बुस.)। प्रदेश की रामराज्य वाली सरकार के समय पर मेहंदी जिहाद का विरोध करने पर क्रांतिसेना के कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमे में न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद क्रांतिसेना के चार प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कोर्ट में सरेंडर किया, जहाँ न्यायालय द्वारा उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। वर्ष 2022 में हरियाली तीज पर बड़ी संख्या में मुस्लिम लड़कों द्वारा पहचान छिपाकर हिन्दू युवतियों के हाथों पर मेहंदी लगाए जाने की सूचना पर क्रांतिसेना द्वारा बड़े पैमाने पर इन घटनाओं का विरोध किये जाने पर हिंदूवादी सरकार के इशारे पर लगभग एक दर्जन क्रातिसेना नेताओं और कार्यकर्ताओं पर मुकदमे दर्ज कर दिए गए थे। आज उनमें से भुवन मिश्रा, आशीष मिश्रा, अमित कश्यप, अमित शर्मा ने



न्यायालय द्वारा गैरजमानती वारंट जारी कर दिए जाने के बाद कोर्ट में सरेंडर किया था, जहां एसीजेएम प्रथम द्वारा चारों को 20000 की जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शरद कपूर, जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी, अमित गुप्ता, संजीव वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, राजेंद्र तायल, शैलेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## निःशुल्क हड्डी रोग परीक्षण शिविर में जांचे मरीजे

मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बुस.)। डॉ. निकुंज अग्रवाल एमबीबीएस (ऑर्थो.),एमएएनएस (यूके),एफएए (हॉवर्ड, यूएसए) की मैक्स हेल्थकेयर टीम ने भारत विकास परिषद संकल्प के तत्वावधान में एसकेबी आरोग्यम परिसर में निःशुल्क हड्डी रोग परीक्षण शिविर में मरीजों को देखकर दवाई और आप्रेशन की



सलाह दी। शिविर को सफल करने में शिशुकांत गर्ग, सुभाष गुप्ता, विष्णु स्वरूप , अश्वनी वर्मा, जगदीश पालीवाल, अनुज माहेश्वरी, डॉ. अजय गर्ग, लोकेश चन्द्र, संदीप माहेश्वरी, नितिन गर्ग, श्रीमति व अवनीश गोयल सचिव व श्रीमती व श्री कुलदीप कुमार गुप्ता अध्यक्ष का सहयोग रहा।

## गांव-गांव में तैयार किए जाएंगे कट्टर हिंदूः धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

झांसी, 29 नवंबर (एजेंसी)। बागेश्वर धाम से निकाली गई सनातन हिंदू एकता यात्रा का शुक्रवार को ओरछा में समापन हुआ। इस अवसर पर यात्रा की अगुवाई कर रहे पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि देश की मर्यादा को बचाए रखने के लिए गांव-गांव जाकर कट्टर हिंदू तैयार किए जाएंगे। हिंदू के न रहने पर हिंदुस्तान भी नहीं रहेगा। न भारतीय संस्कृति रहेगी और न ही परंपराएं बचेंगी। शुक्रवार को नौवें दिन यात्रा की शुरूआत ओरछा तिगैला से हुई। यहां से आठ किलोमीटर का सफर पूरा कर यात्रा भगवान रामराजा सरकार के मंदिर पहुंची। यहां पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ध्वज चढ़ाया और यात्रा में शामिल रहे



लोगों के लिए मंगल कामना की। समापन के मौके पर पं. धीरेंद्र कृष्ण ने कहा कि विभिन्न परिस्थितियों के चलते तमाम सीधे-साधे लोग उन तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में इस यात्रा में एक संकल्प लिया है कि वे बीच-बीच में गांव-गांव जाएंगे और वहां वे लोगों से दक्षिणा नहीं लेंगे, बल्कि यह वचन लेंगे कि उन्हें आखिरी सांस तक अपने धर्म में बने रहना है। इस दरम्यान उन्होंने हिंदू राष्ट्र का संकल्प भी दोहराया। साथ ही उन्होंने कहा कि जाति-पाति और छुआछूत का भेद मिटाने के उद्देश्य से यात्रा निकाली गई थी।

### ओम शांति के साथ ओम क्रांति का नारा भी लगना चाहिएः रामभद्राचार्य

झांसी, 29 नवंबर (एजेंसी)। सनातन हिंदू एकता के समापन के मौके पर शुक्रवार को तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य महाराज भी ओरछा पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि जो हिमालय के समान स्थिर और चंद्रमा के समान शीतल है, वही हिंदू है। हिन्दू कभी हिंसक नहीं होता, लेकिन हिंसा का विनाश करने वाला अवश्य होता है। उन्होंने कहा कि अब ओम शांति के साथ ओम क्रांति का नारा भी लगना चाहिए। शास्त्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कह कि जो हमारी हिंसा करने आए, हमें उसकी हिंसा करनी चाहिए। इस दरम्यान उन्होंने यह भी कहा कि जहां भी हिंदू मंदिर होंगे, उन्हें लेकर रहेंगे। इससे पूर्व उन्होंने क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, रामचंद्रदास महाराज ने कहा कि ओरछा दूसरी अयोध्या है, यहां से जाति-पाति के ढांचे को ढहाने का संकल्प लेना है।

### राशन डीलर के विरुद्ध राशन गबन व राशन न देने के आरोप में मुकदमा दर्ज

चरथावल, 29 नवम्बर (बु.)। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम लुहारी खुर्द के राशन डीलर धर्मेंद्र कुमार के विरुद्ध पूर्ति निरीक्षक सदर नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा थाने में दी गई तहरीर के आधार पर चरथावल पुलिस ने राशन डीलर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में राशन गबन करने व ई-पॉश मशीन में उपभोक्ताओं के अंगूठे लगवाकर राशन न देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। आपको बता दें कि चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम लुहारी खुर्द के राशन डीलर धर्मेंद्र सिंह पर ग्रामीणों ने शिकायत कर आरोप लगाया था कि राशन डीलर धर्मेंद्र द्वारा नवंबर 2024 में राशन कार्ड धारकों से ई-पॉश मशीन में अंगूठे लगवाकर राशन नहीं दिया गया है। ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर पूर्ति निरीक्षक सदर नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मौके पर पहुंचकर दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान पर अक्टूबर व नवंबर माह का अवशेष राशन गेंहू, चावल व चीनी का अवशेष स्टॉक मौके पर नहीं मिला। जांच के दौरान मात्र 25 किलो राशन दुकान में पाया गया। पूर्ति निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि जब राशन डीलर से अवशेष राशन के बारे में जानकारी चाही गयी, तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया।

## चार लाख बीस हजार का बिजली बकाया वसूला

शाहपुर, 29 नवम्बर (बु.)। कस्बे में विद्युत निगम की टीमों ने अभियान चलाकर विद्युत बिल के बकाया चार लाख 20 हजार रुपये की वसूली की। कस्बे के विद्युत निगम के जेई श्याम किशोर



पंडित ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कस्बे में विद्युत उपभोक्ताओं पर विद्युत बिल बकाया वसूली को लेकर एक्सईएन अजीत सिंह यादव व एसडीओ नरेश राठौर के नेतृत्व में चार टीमें बनाई गई, जिसमें उनके अलावा तीन जेई व अन्य कर्मचारी शामिल रहे। चारों टीमों ने कस्बे में अलग-अलग मौहल्ले में अभियान चलाकर करीब 170 विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिल जमा करने को कहा, जिस पर करीब 70 उपभोक्ताओं ने करीब चार लाख 20 हजार रुपये बकाया विद्युत बिल के जमा कराये तथा अन्य बकाया उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए गए। जेई ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। शाम के समय विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा टीम के साथ कस्बे में पहुंचे और उन्होंने के टीम कर्मचारियों द्वारा विच्छेद किए गए कनेक्शन की क्रास चेकिंग करने के साथ उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिल जमा करने को कहा। विद्युत निगम की टीम में जेई शिवकुमार, प्रवीण कुमार व ऋषिराज कोठारिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### पत्थर फेंकने के लिए हिंदू आतंकवादी संगठनों को साथ ले गए थे अफसरः मौलाना तौकीर

बरेली, 29 नवंबर (एजेंसी)। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने संभल हिंसा पर विवादित बयान दिया है। मौलाना ने कहा कि संभल के जरिए पूरे देश में अफरातफरी का माहौल बनाने की कोशिश की गई। पुलिस प्रशासन अलर्ट पर बैठा था कि बस आर्डर आना है और मस्जिद में घुस जाना है। पहले सर्वे में मुसलमानों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो वे दंगा कराने में नाकाम हो गए। दूसरे सर्वे के बहाने मस्जिद में घुसे। हिंदू आतंकवादी संगठनों को साथ लेकर गए थे। धार्मिक उन्मादी नारे लगवाते हुए गए। पत्थर भी अपने साथ लेकर गए थे। अगर मुसलमान पत्थर नहीं फेंकेगा तो पत्थर फेंकेंगे ताकि पुलिस को गोली चलाने में आसानी हो जाए। तौकीर रजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो भी कुछ हो रहा है, वो सब दिल्ली के इशारे पर हो रहा है। कहा कि दिल्ली लखनऊ के मुख्यमंत्री को बदलना चाहती है। इसीलिए यहां का माहौल खराब किया जा रहा है।




**मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता**

**कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो**

मिलने का समय :- प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक

**दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर


## भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगीः विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, 29 नवंबर (एजेंसी)। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी अब पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। विदेश मंत्रालय ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने पर बीसीसीआई के रुख को दोहराया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'बीसीसीआई ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा चिंताएं हैं और इसलिए ऐसी संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी।' पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली बहुप्रतीक्षित चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं। आईसीसी ने सदस्य देशों की 29 नवंबर को बैठक बुलाई है। इसी दिन टूर्नामेंट के भविष्य पर फैसला होगा। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण भारत ने 2008 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। पिछली बार भारत ने एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों ने पिछली द्विपक्षीय सीरीज 2012-13 में खेली थी जिसमें सीमित ओवरों के मैच खेले गए थे। उसके बाद से भारत और पाकिस्तान मुख्य रूप से सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या फिर एशिया कप में एक-दूसरे का सामना करते हैं।

### हाइब्रिड मॉडल में होगी चैंपियंस ट्रॉफी! पीसीबी को अल्टीमेटमः कर देंगे बाहर

नई दिल्ली, 29 नवंबर (एजेंसी)। आईसीसी ने पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अल्टीमेटम दे दिया है। बोर्ड ने पीसीबी से कहा कि वह या तो अगले वर्ष चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करे या फिर प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए तैयार रहे। पीसीबी के अड़ियल रुख के कारण ही शुक्रवार को कार्यकारी बोर्ड की बैठक बेनतीजा रही। अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है, लेकिन आईसीसी ने अब तक इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का एलान नहीं किया है। बीसीसीआई पहले ही भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा पर भेजने से इनकार कर चुका है। वहीं, पीसीबी भी अब तक हाइब्रिड मॉडल के लिए राजी नहीं हुआ है। इस गतिरोध के बीच आईसीसी ने शुक्रवार को सभी बोर्ड की बैठक बुलाई, जिसमें चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम और वेन्यू पर चर्चा हुई। लेकिन कोई फैसला नहीं लिया जा सका। इस बैठक को अगले दिन के लिए टाल दिया गया। हालांकि, समाचार एजेंसी पीटीआई को आईसीसी से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अगर पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी हाइब्रिड मॉडल के लिए राजी होते हैं तो शनिवार को बैठक होगी।

## खाइखेड़ी चीनी मिल की गन्ना घटतौली के खिलाफ रात को ही धरने पर बैठे किसान

मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)। उत्तम शुगर मिल खाईखेड़ी में किसानों ने गन्ने की घटतौली पकड़ी। किसानों ने घटतौली के खिलाफ हंगामा किया। खाइखेड़ी चीनी मिल की घटतौली किसी भी कीमत पर रुकने का नाम नही ले रही है, जहाँ दो सप्ताह पूर्व ही मिल के चालू होने के कुछ दिन बाद ही दतियाना के किसानों को रात्रि में ही खाइखेड़ी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर धरने पर बैठने पर मजबूर होना पड़ा था, वहीं आज रात्रि में भी खाइखेड़ी चीनी मिल पर हो रही गन्ने की घटतौली के खिलाफ चैन पर बैठे किसान हरिओम त्यागी पूर्व प्रधान खाईखेड़ी, पंकज त्यागी, भोला त्यागी युवा नेता खाईखेड़ी, संदीप प्रधान तेजलहेड़ा, अजय, विकास, सोनू, नरपत पूर्व प्रधान, जितेंद्र तेजलहेड़ा, फलौदा बसेड़ा के किसानों ने खाइखेड़ी चीनी मिल की घटतौली पकडकर बड़ा हंगामा किया और रात्रि में ही किसान खाइखेड़ी चीनी मिल के खिलाफ धरने पर बैठने पर मजबूर हो गए। खाइखेड़ी चीनी मिल की घटतौली किसी भी कीमत पर रुकने का नाम नही ले रही है। किसानों ने कहा है कि अबकी बार खाइखेड़ी चीनी मिल के खिलाफ आरपार की जंग होंगी और किसी भी कीमत पर मिल की घटतौली को चलने नही दिया जायेगा।

### संभल हिंसाः मारे गए लोगों के परिजनों को जमीयत देगी पांच-पांच लाख

अमरोहा, 29 नवंबर (एजेंसी)। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की मदद देने की घोषणा जमीयत उलमा-ए-हिंद ने की है। रजबपुर में आयोजित बैठक में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस घटना में घायल हुए लोगों के इलाज के लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे। मुरादाबाद के टीएमयू में भर्ती घायलों से मुलाकात भी की गई। मौलाना हकीमुद्दीन कासमी के नेतृत्व में जमीयत का एक प्रतिनिधिमंडल हिंसा में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए टीएमयू अस्पताल पहुंचा। इस दौरान मौलाना कासमी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने घायलों के पांव में बेड़ियां डाली हुई हैं। इलाज के दौरान दबाव बनाकर घायलों से बयान बदलवाए जा रहे हैं।

# शीत लहर का इंतजार, 9.8 डिग्री तक आया पारा

### - एक्यूआई 211 रहने से प्रदूषण की स्थिति बरकरार

मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)। नवंबर के अंतिम पड़ाव पर पहुंचते आज दूसरी बार तापमान दस डिग्री से नीचे आया। आज न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया और अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री रहा। हवा में आज भी प्रदूषण का स्तर खराब श्रेणी में दर्ज किया गया और एक्यूआई 211 पर रहा। शीतलहर शुरू हो गई है। सुबह और शाम के अलावा अब दिन में भी ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी तापमान के और कम होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं शुक्रवार को सीजन का दूसरा सबसे सर्द रात दर्ज की गई। आज नगर में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री रहा। इससे पहले 21 नवंबर को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री रहा था। स्काईमेट के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की ओर बढ़ रहा है। इसके बाद एक और समान प्रकार का सिस्टम उसी क्षेत्र में पहुंचेगा। इसके प्रभाव से पहाड़ों के मध्य और ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी होगी। निचले पहाड़ी क्षेत्रों जैसे श्रीनगर, शोपियां और अवंतीपोरा में 30 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि, मैदानी क्षेत्रों में बारिश की कोई संभावना नहीं है। हां, हवाओं के पैटर्न में हल्का बदलाव जरूर देखने को मिलेगा। इससे मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट होगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अब तक ठंड का कोई खास असर नहीं हुआ है। इस सीजन में दिल्ली में पहली बार न्यूनतम तापमान एकल अंक में (सिंगल डिजिट) पहुंचा है। आगे भी तापमान में गिरावट जारी रहने की संभावना है। हालांकि एक्यूआई 211 रहने से हवाओं में प्रदूषण जारी है।

## एसएसपी ने शाहपुर और रामराज के थानेदार बदले

**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने देर रात शाहपुर और रामराज के थानाध्यक्ष बदल दिए। आज देर रात जारी आदेश के अनुसार दीपक चौधरी को रामराज से शाहपुर और शाहपुर से सुनील कसाना को रामराज थाना प्रभारी बनाकर भेजा गया है। इसके अलावा उप निरीक्षक किशन सिंह को मंसूरपुर थाने की बेगराज चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

## 'संभल मस्जिद विवाद मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई तक जिला अदालत की कार्यवाही पर सुप्रीम रोक'

**नयी दिल्ली, 29 नवंबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह उच्च न्यायालय में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करें। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान चार प्रदर्शनकारियों की पिछले दिनों मृत्यु हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उसे उच्च न्यायालय के समक्ष तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की रिपोर्ट की सर्वेक्षण रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा,''हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो...उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे।'' पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह आदेश (सर्वेक्षण करने का) जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है।

## ऋषिकेश एम्स को बड़ी सफलता, चार पैर वाले नौ माह के मुजफ्फरनगर के बच्चे की सफल सर्जरी

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** छह मार्च 2024 को एम्स ऋषिकेश की पीडियाट्रिक सर्जरी ओपीडी में लाया गया, जहां विभाग की हैड और चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर सत्या श्री ने बच्चे को देखने के बाद बताया कि मुजफ्फरनगर के रहने वाले इस बच्चे के दो नहीं चार पैर थे और रीढ़ की हड्डी के ऊपरी हिस्से में बड़ी सूजन थी, इस अविकसित और विकृत अवस्था के कारण स्वयं बच्चा और उसके माता पिता पूरी तरह परेशान थे। उक्त मामले में एम्स में ही बच्चे का आठ घंटे बड़ी टीम के साथ ऑपरेशन किया गया, पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की डॉ. इनोनो योशु के अनुसार सर्जरी के लिए बच्चे की लम्बी चिकित्सा योजना बनाई गई तथा गहन जांच के बाद विभिन्न विभागों के डॉक्टरों के सहयोग से बच्चे का ऑपरेशन किया गया। इतना ही नहीं ऑपरेशन के बाद बच्चे को तीन सप्ताह तक एम्स के ही वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया, जब बच्चे की स्थिति सामान्य हो गई तो उक्त बच्चे को छुटटी दे दी गई। छुटटी के बाद एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने टीम में शामिल पीडियाट्रिक सर्जरी, ऑर्थोपेडिक, प्लास्टिक सर्जन, न्यूरो सर्जरी, इन्टरवेशन रेडियोलॉजी और एनेस्थेसिया टीम के डॉक्टरों की सराहना करते हुए कहा कि उक्त संयुक्त टीम के डॉक्टर और अन्य स्टाफ के सहयोग से ही एम्स को इतनी बड़ी सफलता मिल पाई, जिसकी वह सराहना करती हैं।




## किसे है साम्प्रदायिक सौहार्द्र खराब होने का डर, जुनैद ने भगवान पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** मौहल्ला न्याजूपुरा मिमलाना रोड के रहने वाले जुनैद नाम मुस्लिम व्यक्ति द्वारा भगवान पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गयी। टिप्पणी के बाद हिन्दू समुदाय के कुछ लोग जुनैद की पोस्ट पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए शहर कोतवाली पहुंचे, जिनमें हिन्दू संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष हरीश पालीवाल की ओर से शहर कोतवाली में तहरीर दे दी गयी। तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने दोषी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और हिन्दू संगठन के लोगों को धार्मिक सौहार्द्र और शांति बनाए रखने का आग्रह किया। तहरीर देकर हिन्दू संगठन के लोग वापस लौट गए और पुलिस से जुनैद को तुरन्त गिरफ्तार करने की अपील की। अब देखना यह होगा कि उक्त मामले में पुलिस जुनैद पर कब कार्यवाही कर उसे किस धारा में जेल भेजती है। आपको बता दें कि लगातार असामाजिक तत्व कहीं न कहीं दंगा भड़काने की कोशिश में लगे हुए हैं। सम्भल की घटना के बाद उत्तरर प्रदेश पुलिस अलर्ट मोड़ पर है और साफतौर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने चेतावनी दी हुई है कि कोई भी भड़काऊ पोस्ट किसी भी धर्म के विरुद्ध सोशल मीडिया पर न डाले, मगर उसके बावजूद भी असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं।

## चीन में मिला दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार, कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान

**नई दिल्ली, 29 नवंबर (एजेंसी)।** मध्य चीन में संभावित रूप से दुनिया का सबसे बड़ा सोने का नया भंडार मिला है। अनुमान है कि वहां लगभग 1,000 मीट्रिक टन उच्च गुणवत्ता वाले स्वर्ण अयस्क मौजूद है। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार नए स्वर्ण भंडार मूल्य लगभग 83 अरब डॉलर है, जो सम्भवतः अब तक का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार है। रिपोर्ट के अनुसार चीन में पाया गया स्वर्ण भंडार यह दक्षिण अफ्रीका के साउथ डीप खदान से भी बड़ा है, जो लगभग 900 मीट्रिक टन सोने का भंडार है। चीन के हुनान प्रांत के भूवैज्ञानिक ब्यूरो ने घोषणा की कि यह भंडार पिंगजियांग काउंटी में स्थित है, जहां भूवैज्ञानिकों ने 2 किलोमीटर की गहराई पर 40 सोने की शिराओं की पहचान की है।

## राज कुंद्रा और उनकी पत्नी शिल्पा शेट्टी के घर और दफ्तर में ईडी ने मारा छापा

**मुंबई, 29 नवंबर (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अश्लील कंटेंट से जुड़े एक मामले में राज कुंद्रा और उनकी पत्नी शिल्पा शेट्टी के घर और दफ्तर में छापेमारी की। यह कार्रवाई 29 नवंबर को की गई। छापेमारी का उद्देश्य अश्लील कंटेंट के प्रसार और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी जानकारी प्राप्त करना था। राज कुंद्रा पर आरोप है कि उन्होंने एक एप के जरिए अश्लील वीडियो का निर्माण और प्रसारण किया था और इससे वह अपने उनके साथियों ने अवैध रूप से पैसे कमाए।

इस मामले में राज कुंद्रा पर बेहद गंभीर आरोप है। बिजनेसमैन पर आरोप है कि वह विहान इंटरप्राइजेज के माध्यम से अश्लील कंटेंट का प्रसार कर रहे थे। उनका यह एप गूगल और एप्पल स्टोर पर भी उपलब्ध था, लेकिन साल 2021 में इस मामले के सामने आते ही दोनों जगहों से इसे हटा दिया गया था। राज कुंद्रा और उनके साथियों पर यह भी आरोप हैं कि अश्लील कंटेंट के प्रसार के लिए उन्होंने एक सुव्यवस्थित नेटवर्क तैयार किया था, जिसमें वॉट्सऐप ग्रुप्स, मेल और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया।

इस मामले में राज कुंद्रा की मुश्किलें तब और बढ़ गईं, जब पुलिस ने मड आईलैंड में छापेमारी कर एक रैकेट का खुलासा किया। इस जांच में कई प्रमुख नाम सामने आए, जिनमें टीवी अभिनेत्री गहना वशिष्ठ का नाम प्रमुख था। गहना वशिष्ठ के माध्यम से पुलिस राज कुंद्रा की कंपनी में कार्यरत उमेश कामत तक पहुंची, जो वीडियो को कुंद्रा के बहनोई प्रदीप बख्शी तक पहुंचाता था। इसके बाद प्रदीप बख्शी उन वीडियोज को एक अन्य ऐप पर अपलोड करता था। पुलिस ने अपने आरोप-पत्र में यह बताया है कि उमेश के मोबाइल से दो वॉट्सएप ग्रुप का भी पता चला, जिनके ग्रुप एडमिन राज कुंद्रा ही थे। इस ग्रुप में एप के कंटेंट में काम करने वालों के पेमेंट के संदर्भ में भी बात हुई थी।

### मनी लॉन्ड्रिंग में राज कुंद्रा के करीबियों पर जगह ईडी का छापा

**कानपुर/गोरखपुर, 29 नवंबर (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और कारोबारी राज कुंद्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उत्तर प्रदेश में अलग-अलग जगह छापा मारा। टीम यहां राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारी और उनके करीबियों के ठिकानों पर गई। कानपुर के अलावा, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी की गई है। गोरखपुर से एक युवक को हिरासत में लेने की बात सामने आई है। मोबाइल एप के जरिए अश्लील सामग्रियों को तैयार करने और प्रसारित करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग जांच को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने यह कार्रवाई की है। कानपुर में शुक्रवार की सुबह ईडी ने श्याम नगर में छापेमारी की। यहां रहने वाले नर्वदा श्रीवास्तव का बड़ा बेटा अरविंद श्रीवास्तव, जो कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद से बाहर जॉब कर रहा था। अरविंद्र श्रीवास्तव पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद्र श्रीवास्तव सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभालता था। बताया जा रहा है कि टीम यहां मुंबई पुलिस के द्वारा 2021 में दर्ज हुए केस की जांच करने पहुंची थी। उधर, प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापा मारा है।

## अज्ञात हमलावरों द्वारा घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग से सनसनी

### आरोपियों ने घर पर की चार राउंड फायरिंग

**भोपा, 29 नवम्बर (बु.)।** जानसठ-मोरना मार्ग पर घर के बाहर अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई फायरिंग से दहशत व्याप्त हो गई। फायरिंग से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने घटना की जानकारी की तथा हमलावरों की रात भर तलाश की। पीड़ित ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में जानसठ मार्ग पर रविदास मंदिर के पास अंग्रेजी शराब का ठेका है। शराब के ठेके के सामने राकेश का मकान है, जहां वह अपने परिवार के साथ रहता है। गुरूवार की रात्रि लगभग 10:35 बजे पांच युवक कार में सवार होकर आए तथा राकेश के घर के सामने पेशाब व उल्टी करने लगे। आरोप है कि राकेश ने जब उन्हें ऐसा करने से मना किया तो आरोपी युवक उसे गाली गलौच करने लगे, जिस पर राकेश ने अपने घर का दरवाजा अन्दर से बंद कर लिया। कुछ समय बाद युवकों ने गाली गलौच करते हुए घर पर फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन राकेश ने दरवाजा नहीं खोला। अज्ञात युवकों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसमें से एक गोली दरवाजे में लगी है। दरवाजा न खोलने पर दबंगों ने दरवाजे पर पथराव भी किया। शोर शराबा होने पर पास पड़ौस के लोग इकट्ठा हो गये, जिस पर आरोपी मौके से फरार हो गये। पीड़ित द्वारा डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की तथा घर के बाहर से तीन खोखे बरामद किए हैं, जबकि एक खोखा पीड़ित को सुबह घर में पडा हुआ मिला। घटना से पास पड़ौस में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार शराब के ठेके पर आए दिन शराबी उत्पात मचाते रहते हैं तथा ग्रामीणों का बस्ती में रहना दूभर हो रहा है। ग्रामीणों ने शराब के ठेके को बस्ती से हटाने की मांग की है। क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ. रवि शंकर मिश्र ने बताया कि मामला संज्ञान में है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।



मोरना में घर पर हुई फायरिंग से दरवाजा में लगी गोली का निशान व घर के बाहर पड़े ईंट पत्थर



मोरना में घर के बाहर हुई फायरिंग के बाद मौके से बरामद खोखा

## 28 संविदा चालकों पर चला एआरएम का चाबुक, गिरी गाज

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक प्रभात सिन्हा ने मुजफ्फरनगर डिपो में लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे संविदा चालकों का अनुबंध समाप्त करते हुए बड़ी कार्यवाही की है। शुक्रवार में हुई कार्यवाही से रोडवेज डिपो की प्रभावित हुई व्यवस्था में सुधार की आस जगने के साथ अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी करने वाले कर्मियों में हड़कंप मचा है। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी की रिपोर्ट पर सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक प्रभात कुमार सिन्हा ने डिपो में लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे 28 संविदा चालकों का चालक पद पर हुआ अनुबंध भी निरस्त कर दिया है। अनुबंध की धारा-06 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत एआरएम ने द्वितीय पक्ष की प्रतिभूति जब्त करते हुए उक्त पक्ष द्वारा किया संदर्भित अनुबंध भी निरस्त कर दिया है। डिपो की ओर से जारी संविदा चालकों की उक्त सूची में भारत वशिष्ठ, धर्मेन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र, मौ. रकीब, राममेहर-1, रवि कुमार, विक्की कुमार, विशांत कुमार, अखलेश कुमार, अनिरूद्ध, अनुज कुमार-12, अर्जुन सिंह, अरविन्द कुमार-10, फरमान, जुगमेन्द्र सिंह, कुलदीप-7, नरेन्द्र कुमार-6, राजन कुमार, राजीव कुमार-9, सत्री कुमार, सत्यवीर सिंह-2, सोनू कुमार-9, सूरज कुमार, विकास कुमार, विनोज कुमार व योगेश कुमार का अनुबंध निरस्त किया गया है।

## जुमे की नमाज को लेकर रहा जिले में हाई अलर्ट जारी

**▶ ड्रोन-फोर्स संग संवेदनशील इलाकों में पहुंचे एसएसपी ▶ संभल घटना के बाद जनपद में हर स्थिति पर कड़ी निगरानी**







**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** संभल की जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए बवाल के बीच शुक्रवार को जुमे की नमाज के लिए जनपद में भी हाई अलर्ट जारी रहा। इस दौरान निगरानी को खुद एसएसपी अभिषेक सिंह पुलिस बल और ड्रोन कैमरे लेकर संवेदनशील इलाकों में भ्रमण पर निकले और सभी को सुरक्षा तथा शांति का संदेश दिया। इस दौरान एसएसपी ने असामाजिक तत्वों को भी चेतावनी दी कि वो किसी भी तरह की हरकत न करें। पुलिस की निगाहें सोशल मीडिया के साथ ऐसे तमाम लोगों पर लगी हैं, जो अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। वहीं मुस्लिम क्षेत्रों में पहुंचे एसएसपी ने मस्जिदों के इमाम व धर्मगुरूओं के साथ अन्य लोगों से वार्ता करते हुए शांति व्यवस्था में सहयोग मांगा। बीते दिनों यूपी में संभल की जामा मस्जिद के कोर्ट सर्वे को लेकर विरोध प्रदर्शन के बाद जम कर हिंसा हुई और इसके साथ पूरे प्रदेश में तनाव बनने के कारण हाई अलर्ट कर दिया गया। इसी को लेकर शुक्रवार को जुमे की नमाज के कारण पुलिस प्रशासन जिले में सतर्क रहा। खुद एसएसपी अभिषेक सिंह इस बीच जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च पर निकले और लोगों में सुरक्षा का अहसास कराया। एसएसपी अभिषेक सिंह ने नगर के प्रमुख चौराहों, बाजारों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में दंगा निरोधी उपकरणों से लैस पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान किदवईनगर, खालापार और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे उड़ाकर छतों तथा क्षेत्र की गतिविधियों की निगरानी की। एसएसपी ने स्थानीय लोगों व धर्मगुरुओं से वार्ता करते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर पुलिस सोशल मीडिया पर सतत निगरानी कर रही है, किसी के द्वारा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ और अशोभनीय पोस्ट शेयर न की जायें। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने की अपील की गई। एसएसपी ने इस बीच पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने, असामाजिक तत्वों पर विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत, सीओ सिटी व्योम बिंदल सहित खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान, शहर कोतवाल अक्षय शर्मा, सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## बरात में अर्द्धनग्न होकर डांस और महिलाओं को अश्लील इशारे करने पर मारपीट

**बागपत, 29 नवंबर (एजेंसी)।** गाधी गांव में चढ़त के दौरान अर्द्धनग्न होकर डांस करने और महिलाओं को अश्लील इशारे करने पर मारपीट हो गई। दूल्हे के चाचा, चचेरे भाइयों समेत पांच बराती घायल हो गए। घायलों का सीएचसी में उपचार कराया गया, जहां से दो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मीतली गांव निवासी जोगेंद्र ने कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भतीजे विशाल की बरात गाधी गांव गई थी। वहां चढ़त शुरू होने पर बराती डांस करने लगे। तभी बरात में गए गांव के ही कुछ युवकों ने गांव की युवतियों और महिलाओं की तरफ अश्लील इशारे करने शुरू कर दिए। इसका बरात में गए कुछ ग्रामीणों ने विरोध किया। इस पर अभद्रता, गालीगलौज की गई। हंगामा बढ़ने पर भीड़ इकट्ठा हो गई और अश्लील इशारे करने वाले युवकों को बरात से वापस भेज दिया गया। आरोप लगाया कि युवकों ने गांव में फोन कर 10-15 युवकों को बुला लिया, जिन्होंने बरात में आकर लाठी डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दूल्हे के चाचा जोगेंद्र, चचेरे भाई विपिन, अंकित, आदित्य, अश्वनी को घायल कर दिया। इसके बाद हमलावर धमकी देते हुए भाग गए।

## संभल हिंसा: सपा का 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल कल करेगा दौरा, कांग्रेस नेता 2 दिसंबर को पहुंचेंगे

**संभल, 29 नवंबर (एजेंसी)।** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के बाद भड़की हिंसा की जांच के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) का 15 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शनिवार को संभल का दौरा करेगा। सपा राज्य अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने शुक्रवार को इस दौरे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल वहां जाकर हिंसा की परिस्थितियों का विवरण एकत्र करेगा और रिपोर्ट पार्टी प्रमुख को सौंपेगा। सपा के प्रतिनिधि मंडल में विपक्ष के नेता मता प्रसाद पांडे, विधान परिषद में विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव, सांसद ज़ियाउर्रहमान बारक, हरेंद्र मलिक, रुचि वीर, इकरा हसन और नीराज मौर्य सहित कई प्रमुख नेता शामिल होंगे। सपा ने इस दौरे को पहले स्थगित कर दिया था। दरअसल, पार्टी के नेताओं ने प्रदेश के पुलिस प्रमुख से बात की थी और यह आश्वासन लिया था कि हिंसा की निष्पक्ष जांच की जाएगी। सपा नेताओं ने आरोप लगाया था कि पुलिस ने बिना किसी ठोस आधार के उनके पार्टी कार्यकताओं पर ऋक्ष्फ दर्ज की। इसके बाद, डीजीपी ने पार्टी को तीन दिन बाद दौरे की अनुमति दी।

## दिल्ली के स्कूल में बम की खबर, परिसर कराया खाली

**नई दिल्ली, 29 नवंबर (एजेंसी)।** दिल्ली के रोहिणी में एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सुबह 10.57 बजे स्कूल में बम रखने की खबर मिली। जिसके बाद स्कूल की तलाशी ली गई। पुलिस को जांच के दौरान कुछ भी नहीं मिला। रोहिणी सेक्टर 13 में वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुलिस ने अपनी जांच पूरी कर ली है। बम की खबर झूठी निकली है। रोहिणी में वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल को शुक्रवार को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। इससे एक दिन पहले ही प्रशांत विहार इलाके में हुए कम तीव्रता वाले विस्फोट हुआ था। जिसमें एक शख्स घायल हो गया।

## मौलाना तौकीर रजा को हिरासत में लिया, नहीं जा सके संभल

**बरेली, 29 नवंबर (एजेंसी)।** बरेली में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने के बाद संभल रवाना हुए। सीबीगंज में पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने उन्हें समर्थकों के साथ हिरासत में ले लिया, जिससे वह संभल नहीं जा सके। इस पर मौलाना ने कहा कि आज मुझे नहीं जाने दिया तो कल या परसों जाऊंगा। जब भी मौका मिलेगा तब संभल जाऊंगा। वहीं सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तौकीर रजा खान को उनके समर्थकों के साथ हिरासत में लिया गया। उनसे साफतौर पर कहा गया कि उन्हें संभल नहीं जाने दिया जाएगा। इससे पहले शहर में मौलाना तौकीर ने कहा कि लखनऊ और दिल्ली की लड़ाई में मुसलमान को पीसा जा रहा है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में जो भी कुछ हो रहा है, वो सब दिल्ली के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर साजिश करने का आरोप लगाया।

## कृषि विभाग में अवैध वसूली रोकने को डीडी कृषि दिखे सख्त

**▶ अधीनस्थों को आदेश जारी कर दिए सुधार के निर्देश ▶ निजी प्रतिष्ठानों से वसूली की शिकायतों पर हुई कार्रवाई ▶ जिला कृषि अधिकारी ने अब दफ्तर में लगाया सीसीटीवी कैमरा**

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** कृषि विभाग में कार्यरत अफसरों के कुछ वाहन चालकों के साथ अन्य कर्मियों द्वारा जिले के अनेक निजी उर्वरक, बीज, कीटनाशी रसायन प्रतिष्ठानों से अवैध वसूली की जा रही है। ऐसी शिकायतों के बीच में विभाग को फजीहत से बचाने के साथ ही अधीनस्थों को कर्तव्य बोध का अहसास कराने की दिशा में उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे मामलों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के लिए जिला कृषि अधिकारी और कृषि रक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए पत्र जारी किया है। वहीं उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में इस तरह की कोई शिकायत सामने आयी तो दोनों अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। उधर, जिला कृषि अधिकारी ने अपने कार्यालय में साउंड वाला सीसीटीवी कैमरा लगाया है।

जी हां, कृषि विभाग की हर ओर जिले में हो रही फजीहत व धन वसूली के आरोपों के बीच अब बदलाव की बयार डीडी कृषि कार्यालय से शुरू हुई है। मीडिया की सुर्खियों में रहे कृषि विभाग में जिले के निजी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी विक्रेताओं से बीते काफी समय से चैकिंग के नाम पर लगातार अवैध वसूली करने की चर्चा हैं। इस मामले में कुछ अफसरों के चालक और कर्मचारियों के नाम प्रकाश में आए हैं। निजी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी रसायन प्रतिष्ठानों एवं सहकारी संस्थानों के प्रोपराइटरों ने डीडी कृषि से इस मामले की शिकायत की। उन्होंने इस मामले में नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार को पत्र जारी किया है। डीडी कृषि ने अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि आपके अधीनस्थ वाहन चालक एवं उक्त पटलों से इतर कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा उक्त प्रतिष्ठानों, संस्थाओं पर पहुंच कर अवैध रूप से धनराशि आदि की मांग की जा रही है। जिससे जनपद में विभाग की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि अब आपके अधीन वाहन चालक एवं अन्य कोई भी कार्यालय सहायक संबंधित पटल सहायकों से इतर उपर्युक्त सन्दर्भ के निजी, सहकारी आदि प्रतिष्ठानों पर पहुंचता है अथवा उनसे किसी भी प्रकार का सम्पर्क आदि किए जाने का प्रकरण संज्ञान में आने पर संबंधित के विरूद्ध भी कठोर अनुशासनात्मक-दण्डात्मक कार्यवाही भी प्रचलन में लायी जायेगी। डीडी कृषि के आदेशों के बीच अधीनस्थों में हड़कंप मचा है और सुरक्षा कारणों के बीच अधिकारियों ने डीडी कृषि के आदेश के प्रति पटल सहायकों को रिसीव कराते हुए व्यवस्था में सुधार की आस जगाई है।

### अवैध वसूली पर कृषि रक्षा अधिकारी की हुई थी फजीहत

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर जिले में पूर्व में जिला कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार द्वारा जनपद में आते ही चैकिंग के नाम पर खतौली क्षेत्र में एक कीटनाशक विक्रेता से करीब 25 हजार की धनराशि वसूली किए जाने का मामला सुर्खियों में रहा था। उक्त मामले में दुकानदार पूर्व विधायक विक्रम सैनी का रिश्तेदार था, जिसने उक्त मामले की शिकायत विधायक विक्रम सैनी से की थी। विधायक ने उस वक्त कृषि रक्षा अधिकारी यतेंद्र कुमार को जमकर फटकार लगाई थी और उक्त दुकानदार के पैसे वापस भी कराए थे। इस मामले में कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार की काफी फजीहत हुई है।

## जन सेवा केन्द्र स्वामी से मारपीट

**खतौली, 29 नवम्बर (बु.)।** रेलवे रोड जन सेवा केन्द्र पर आये युवक से फार्म भरने के बाद रुपये मांगने पर दुकानदार से मारपीट के साथ युवकों द्वारा दुकान के गल्ले से हजारों रुपये की नगदी लूट ली। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे रोड पर गांव खेड़ी राघडांग निवासी संजीव का जन सेवा केन्द्र है। आरोप है कि जनसेवा केन्द्र पर शुक्रवार की सुबह गांव मढ़करीमपुर निवासी युवक मनीष पाल परीक्षा फार्म भरवाने के लिए आया। जन सेवा केन्द्र मालिक संजीव के कथनानुसार जब उसने युवक का फार्म भर कर युवक से पैसे मांगे तो युवक ने पैसे देने से मना कर दिया तथा पैसे मांगने पर अभद्र व्यवहार व गाली गलौच शुरू कर दी। सेवा केन्द्र स्वामी संजीव का कथन है कि इसी दौरान फार्म भरवाने आये युवक ने फोन कर अपने कुछ साथियों को बुलवा लिया, जिसके पश्चात युवक व उसके साथियों ने जन सेवा केन्द्र स्वामी संजीव के साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी तथा आरोपी युवक ने दुकानदार के गल्ले से हजारों रुपये की नगदी सहित उसका मोबाइल फोन लूट लिया और जाते-जाते जान से मारन की धमकी देते हुए फरार हो गये। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक आकाश शर्मा द्वारा मौके पर पहुंचकर प्राथमिक जांच कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए आगामी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। रेलवे रोड पर दुकानदार के साथ मारपीट की दिनदहाड़े हुई वारदात से आस पास के दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा।

## बिजली के तारों की चिंगारी से धधका कोल्हू का ईंधन





**शाहपुर, 29 नवम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव हरसौली में स्थित शॉर्ट सर्किट होने के बाद हुई स्पार्किंग से कोल्हूओं में ईंधन के रूप में प्रयोग की जाने वाली पत्ती में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर घण्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्र के गांव हरसौली में मेन रोड पर नूरुद्दीन व सलाउद्दीन कोल्हुओं का संचालन करते हैं। शुक्रवार की दोपहर के समय दोनों कोल्हुओं के बराबर से जा रही विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने के बाद स्पार्किंग होने से ईंधन के रूप में प्रयोग की जाने वाली पत्ती के लगे कई ढ़ेरों / ढेरियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसी बीच घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाया गया, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। आग पर काबू पाने के लिए बुढ़ाना से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ी व मुजफ्फरनगर से भी एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आयी। घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही की आसपास स्थित कोल्हूओं में आग नहीं पहुंची। आग लगने से लाखों रुपए का ईंधन जलकर स्वाहा हो गया। सूचना पर सीओ बुढ़ाना भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

## बीमारी के कारण पेश नहीं हुए पारस जैन, आज सुनाया जा सकता है फैसला

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** 5 अप्रैल 2017 को खतौली के होली चौक पर राजा वाल्मीकि की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिसमें राजा के भाई राणा प्रताप ने मौहल्ला देवीदास निवासी राजू वाल्मीकि, गोरा उर्फ गौरव, दो अज्ञात सहित पूर्व चेयरमैन पारस जैन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मामले में आज शुक्रवार को कोर्ट में सुनवाई की, जिसमें पूर्व चेयरमैन पारस जैन कोर्ट में पेश होने थे, मगर पारस जैन कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके, जिसके चलते इस मामले की सुनवाई अब 2 दिसम्बर को तय की गयी है तथा पुलिस को आरोपी पूर्व चेयरमैन को पेश करने के निर्देश दिये गए हैं।

## पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान में 5 आरोपियों को सजा

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** पुलिस की मजबूर पैरवी के चलते ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मीरापुर थाने में आरोपी आसिफ निवासी लीकड़ा पट्टी सुजडू के खिलाफ दर्ज मुकदमे में एफटीसी ने आरोपी पर ढाई हजार का अर्थदण्ड लगाया। वहीं थाना सिविल लाइन में जसवंतपुरी निवासी नईम उर्फ मुन्ना पर दर्ज मुकदमें में एसीजेएम-2 ने एक हजार रुपये के अर्थदण्ड का जुर्माना लगाया। एसीजेएम-2 ने ही चरथावल थाना क्षेत्र के कुल्हेड़ी निवासी इरफान व शहजाद पर दोनों पर एक एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया तथा पुरकाजी निवासी राजू का लूट व बरामदगी के मामले में 6 साल का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## जीडीपी वृद्धि दूसरी तिमाही में गिर कर 5.4 प्रतिशत, सरकारी खर्च बढ़ाने, ब्याज दर में कटौती की प्रतीक्षा

**नयी दिल्ली, 29 नवंबर (वार्ता)** मुद्रास्फीति के दबाव और उपभोग मांग में नरमी के बीच चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर-2024) में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) सालाना आधार पर वृद्धि दर घटकर 5.4 प्रतिशत रह गई। यह पहली तिमाही (अप्रैल-जून, 24) के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से कम है। विश्लेषकों ने आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए सरकार के व्यय में तेजी और आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती की आवश्यकता को रेखांकित किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 6.7 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान सात प्रतिशत के दायरे में रखा है।




## मुजफ्फरनगर और मेरठ की दो छात्राएं खंडहर में बेहोश पड़ी मिली

### मेरठ में कोचिंग जाते समय अपहरण कर अलीगढ़ में हाथ-पैर बांध छोड़ गए

**अलीगढ़, 29 नवंबर (एजेंसी)।** मेरठ से कोचिंग सेंटर से घर जाते समय 28 नवंबर को लापता हुई बारहवीं कक्षा की दो छात्राएं अलीगढ़ में थाना लोधा क्षेत्र के गोविंदपुर फगोई गांव के पास एक खंडहर प्याऊ धर्मशाला के भवन में बेहोशी की हालात में पड़ी मिलीं। दोनों के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की तो पता चला कि कुछ युवकों ने उन्हें कोचिंग सेंटर जाते वक्त जबरन कार में खींच लिया, फिर उन्हें होश नहीं रहा। इनमें एक छात्रा मुजफ्फरनगर और दूसरी मेरठ की रहने वाली है।

घटनाक्रम के अनुसार 29 नवंबर दोपहर करीब तीन बजे थाना लोधा क्षेत्र में गांव गोविंदपुर फगोई के पास बनी खंडहर प्याऊ धर्मशाला के पास एक ग्रामीण लघुशंका के लिए रुका । तभी उसने एक बच्ची की चीख-पुकार सुनी। ग्रामीण जब धर्मशाला परिसर में पहुंचा तो दो छात्राएं जिनकी उम्र करीब 15-16 साल के बीच थी और उनके हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे जमीन पर पड़ी हुई मिलीं। जिनमें एक छात्रा कुछ होश में थी तो दूसरी बेहोशी की हालत में थी। ग्रामीण ने दोनों को बंधा हुआ देखकर शोर मचाया तो बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। उन्होंने छात्राओं को बंधनमुक्त कराया फिर उन्हें पास ही एक निजी चिकित्सक के पास उपचार को ले गए। सूचना पर लोधा थाने के प्रभारी राजवीर सिंह परमार, सीओ गभाना डीएन मिश्रा आ गए। उन्होंने छात्राओं से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने दोनों छात्राओं से अलग- अलग बातचीत करने के साथ ही परिजनों को सूचना दे दी। छात्राओं के गायब हो जाने के मामले में परिजनों की ओर से थाना भावनपुर में गुमशुदगी दर्ज करायी गई है। देर शाम इलाका पुलिस के साथ परिजन थाने आ गए। सीओ डीएन मिश्रा के अनुसार दोनों छात्राओं ने बताया कि वे मेरठ की रहने वाली हैं और मेरठ के ही कॉलेज में पढ़ती हैं। इनमें एक छात्रा मूल रूप से मेरठ की रहने वाली है तो दूसरी मुजफ्फरनगर से आकर परिजनों के साथ किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही है। छात्राओं के अनुसार दोनों 28 नवंबर दोपहर में कॉलोनी में ही स्थित एक कोचिंग सेंटर में कोचिंग करने जा रही थीं। इस बीच दोनों जब ढ़ाबे के पास पहुंची तभी उनके पास एक कार आकर रुकी। आरोप है कि कार में सवार तीन-चार युवकों ने उन्हें जबरन कार में बिठा लिया। उन्होंने बचाव को शोर मचाया तो मुंह बंद कर लिया। छात्राओं के अनुसार इसके बाद उन्हें होश नहीं रहा कि कार सवार उन्हें कहां-कहां लेकर गए । जब होश आया तो खुद को खंडहर में पड़ा पाया। आरोप है कि पिछले कई दिनों से इलाके के ही कुछ लड़के उन्हें परेशान कर रहे थे और जबरन उन्हें डरा-धमकाकर उनका मोबाइल नंबर मांग रहे थे। कार में जबरन खींचकर लाने वाले वहीं युवक थे। सीओ गभाना ने बताया कि इस मामले में परिजनों की ओर से थाना भावनपुर में छात्राओं की गुमशुदगी दर्ज करायी गई हैं। छात्राओं से जानकारी के बाद इनके परिजनों को सूचना दे दी गई । जहां से वे थाना भावनपुर पुलिस के साथ देर शाम लोधा थाना पहुंच गए। छात्राओं के बयान के आधार पर उन्होंने युवकों पर किसी तरह की मारपीट या अन्य किसी प्रकार के शारीरिक शोषण आदि का आरोप नहीं लगाया है। फिर भी अभी जांच की जा रही है।

## नमो भारत जल्द ही आनंद विहार तक चलेगी

**मेरठ, 29 नवंबर (एजेंसी)।** नमो भारत जल्द ही आनंद विहार तक चलने वाली है। इसके लिए लगातार ट्रायल चल रहा है। इसमें सामने आ रही कमियां दूर की जा रही हैं। अभी दिल्ली तक ट्रेन संचालन प्राथमिकता में है। यहां तक काम पूरा होने के बाद मेरठ के शताब्दीनगर तक संचालन होगा। इस तैयारी के बीच ब्रह्मपुरी स्टेशन (टीपीनगर-माधवपुरम चौराहा) तक ओवर हेड इक्विपमेंट (ओएचई) वायर का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। मेरठ से मोदीपुरम तक वायाडक्ट का काम पूरा हो चुका है। मेरठ साउथ से नमो भारत का शहर में अगला पड़ाव अब शताब्दीनगर है। इन दोनों स्टेशन के बीच परतापुर और रिठानी स्टेशन भी हैं, जहां मेट्रो का ठहराव रहेगा। शताब्दीनगर तक मेट्रो रेल का रूट तैयार हो गया है। बिजली के लिए टेस्टिंग की जा रही है। दिसंबर तक ट्रायल के बाद नमो भारत और फिर मेट्रो का संचालन शुरू होगा। दिल्ली की ओर भी काम चल रहा है। साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक 12 किमी सेक्शन में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर दो आरआरटीएस स्टेशन हैं।